राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 68, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 24 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



## मुख्य अपडेट

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 115वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए .... पेज 03

खेल और खिलाड़ियों को लेकर लोगों की धारणा में बदलाव आया है : मुख्यमंत्री .... पेज 05

औरों से जुदा हैं बाबर, विश्व कप में गेंदबाजों के लिये बनेंगे सरदर्द: गौतम गंभीर .... पेज 07

# ( डूसू ) चुनाव : एबीवीपी ने जीती तीन सीटें

### तुषार डेढ़ा बने अध्यक्ष , एनएसयूआई को मिला उपाध्यक्ष पद

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने धामकेदार जीत दर्ज की है।

तीनों सीटों पर अभाविप ने विजय हासिल की है। वहीं, एनएसयूआई के पास सिर्फ एक उपाध्यक्ष पद आया है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के चुनाव के नतीजे घोषित होते ही एबीवीपी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। एबीवीपी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तुषार डेढ़ा ने जीत दर्ज की है।



तुषार डेढ़ा (ABVP) प्रेसिडेंट | अभि दाहिया (NSUI) वाइस प्रेसिडेंट | अपराजिता (ABVP) सेक्रेटरी | सचिन बैसला (ABVP) जॉइंट सेक्रेटरी

वहीं, एबीवीपी की अपराजिता ने सचिव पद और सचिन बैसला ने संयुक्त सचिव पद पर जीत हासिल की है। इसके अलावा एनएसयूआई उम्मीदवार अभि दहिया ने उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में छात्राओं की सुरक्षा का मुद्दा हावी रहा। अधिकतर छात्राओं ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए मतदान करने की बात कही। पिछले दिनों हुए फेस्टिवल का दौरान कालेज परिसर में बाहरी युवाओं के प्रवेश के बाद लगातार छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। डूसू चुनाव में इसका असर देखने को मिला। छात्राओं ने सुरक्षा पर चिंता जताई और ऐसे प्रतिनिधियों के लिए वोट करने की बात कही, जो छात्राओं की सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़ सकें।

# बारामूला में टीआरएफ के दो आतंकी गिरफ्तार

बारामूला। कश्मीर के बारामूला जिले में लश्कर-ए-तैयबा की ब्रांच टीआरएफ के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 सितंबर को बारामूला में पुलिस को सूचना मिली थी कि यासीन अहमद शाह पुत्र तारिक अहमद अपने घर से लापता है और आतंकी संगठन टीआरएफ में शामिल हो गया है। जांच के दौरान उसके कब्जे से 1 पिस्तौल, 1 पिस्तौल मैगजीन और 8 जिंदा राउंड सहित गोला-बारूद बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपने दूसरे साथी का नाम परवेज अहमद शाह पुत्र अली मोहम्मद बताया। इसके बाद बारामूला पुलिस, सेना और सीएपीएफ ने उसके घर पर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके पास से 2 हथगोले भी मिले। अब तक की जांच से पता चला है कि ये दोनों आतंकी पाकिस्तान में बैठे मालिकों के निर्देशों पर काम कर रहे थे। ये अन्य लोगों की संगठन में भर्ती और बारामूला और आसपास के इलाकों में आतंकी एक्टिविटी को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

# एक देश एक चुनाव पर राजनीतिक दलों की भी ली जाएगी राय

### बैठक के बाद समिति का फैसला



नई दिल्ली। एक देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा।

दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितंबर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं।

### क्या है वन नेशन वन इलेक्शन

भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे।

आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं।

उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

### विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

बैठक की शुरूआत में कोविन्द ने बैठक के एजेंडे को रखा।

इस दौरान समिति ने अपने काम-काज को आगे बढ़ाने के लिए दो अहम निर्णय लिए। जिसमें पहला वह सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों, राज्यों की सत्ताधारी राजनीतिक पार्टियों, संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले दलों और अन्य मान्यता प्राप्त राज्य की राजनीतिक पार्टी के साथ एक-एककर इस मुद्दे पर चर्चा करेगी और उनके सुझाव लेगी। दूसरा इस मसले पर विधि आयोग की भी राय ली जाएगी।

# आज नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 11 राज्यों के विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्रालय ने आज यहां बताया कि ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी वे - उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा - चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस तथा जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस हैं। ये नौ ट्रेनें ग्यारह राज्यों - राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी के साथ साथ पर्यटन को बढ़ावा देंगी।

# महिलाओं की ताकत से पास हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम : मोदी

### वाराणसी में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में महिलाओं ने किया प्रधानमंत्री का सम्मान

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि माताओं और बहनों की शक्ति ही उनका सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। पीएम मोदी ने वाराणसी के संपूर्णानंद मैदान में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान विपक्ष को इस बात के लिए आड़े हाथ लिया कि तीन दशक तक इस बिल को लटकाकर रखा गया। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों की एकजुटता और उनकी ताकत के कारण आज राजनीतिक पार्टियां कांप रही हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर प्रदेश की मातृशक्ति की ओर से प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े नौ साल में माताओं और बहनों को केंद्र में रखकर सरकार ने काम किया है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिला समूहों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।



### इस बार कई गुना बढ़ गया है नवारात्रि का उत्साह

प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि काशी माता कुष्मांडा, माता शृंगार गौरी, मां अन्नपूर्णा और मां गंगा की पावन नगरी है। यहां के कण कण में मातृ शक्ति की महिमा जुड़ी है। विंध्यवासिनी देवी भी बनारस से दूर नहीं हैं। काशी नगरी देवी अहिल्याबाई होल्कर के पुण्य कार्यों और प्रबंध कौशल की साक्षी रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने इस बार नवारात्रि के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। इस कानून से देश में महिला विकास के रास्ते खुलेंगे। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यपक विजन वाला कार्यक्रम

प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यपक विजन वाला कार्यक्रम है। हम ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए किसी की जरूरत न पड़े। इसके लिए कानून के साथ साथ सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत करना जरूरी है। इसलिए इस कानून का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया है। कुछ लोगों को इसमें भी वंदन शब्द से परेशानी है। माताओं बहनों को वंदन नहीं करेंगे तो क्या करेंगे। ये लोग नहीं समझ पाते कि नारी शक्ति के वंदन का अर्थ क्या है। हमें ऐसी नकारात्मक सोच से बचते हुए विकास पथ पर आगे बढ़ना है। देश आगे बढ़ता रहेगा, और ऐसे बड़े निर्णय लेते रहेगा।

### हर काल में साबित किया है नारी नेतृत्व का सामर्थ्य

उन्होंने कहा कि नारी का नेतृत्व बाकी दुनिया के लिए आधुनिक व्यवस्था हो सकती है। हम तो महादेव से पहले मां पार्वती और गंगा को प्रणाम करने वाले लोग हैं।

हमारी काशी रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगना की जन्मभूमि है। आजादी की लड़ाई में लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं से लेकर मिशन चंद्रयान को लीड करने वाली महिला वैज्ञानिकों तक नारी नेतृत्व के सामर्थ्य को हर कालखंड में हमने साबित किया है।

# एनआईए ने मणिपुर से संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किया

### म्यांमार के टेरर ग्रुप का मेंबर; पुलिस गोदाम से लूटे हथियार रखे थे





एजेंसी

इंफाल। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने मणिपुर से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अधिकारी ने शनिवार 23 सितंबर को यह जानकारी दी। उनका दावा है कि आरोपी म्यांमार स्थित टेरर ग्रुप का सदस्य है। वो मणिपुर में हो रही जातिया हिंसा का इस्तेमाल देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए करने की साजिश कर रहा था। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी की पहचान मोइरांगथेम आनंद सिंह के रूप में हुई है।

उसे पूछताछ के लिए नई दिल्ली लाया गया है। वो उन पांच लोगों में से एक है जिन्हें मणिपुर पुलिस ने उनके गोदाम से लूटे गए हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एनआईए ने 19 जुलाई को नई दिल्ली में खुद ही संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन्हें जांच से पता चला था कि साजिश को आगे बढ़ाने के लिए वो सुरक्षा बलों पर हमले करने के लिए अपनी ताकत बढ़ा रहा है। वो कैडरों और समर्थकों की भर्ती कर रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि वो गैरकानूनी तरीकों से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक इकट्ठा कर रहा था, जिसमें सरकारी सुविधाओं और संसाधनों की लूट भी शामिल थी। फिलहाल उसे दिल्ली लाए जाने के बाद ज्यूडिशियल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

### मणिपुर में इंटरनेट बैन हटा

मणिपुर में शनिवार 23 सितंबर को इंटरनेट से बैन हटा दिया गया है। यह बात छ्रूएन बीरेन सिंह ने कही। इसके पहले 25 जुलाई को ब्रॉडबैंड सेवाएं सशर्त बहाल की गई थीं। बीरेन सिंह ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार ने फेक न्यूज और हेट स्पीच को फैलने से रोकने के लिए इंटरनेट बैन किया था। हालात सुधरने के बाद इंटरनेट सर्विस बहाल की जा रही है। पिछले दो महीनों में स्थिति में सुधार हुआ है और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ गोलीबारी की घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने यह दावा भी किया कि मौजूदा स्थिति पिछली सरकारों की अनियोजित नीतियों का नतीजा है, न कि किसी हालिया फैसले का तत्काल परिणाम है।

# चंद्रबाबू ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में अपने खिलाफ दर्ज कथित कौशल विकास घोटाले से जुड़ा एक मुकदमा रद्द करने की गुहार लगाते हुए शनिवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। विधानसभा में विपक्ष के नेता और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नायडू ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के 22 सितंबर के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत के समक्ष विशेष अनुमति याचिका दायर की है, जिसमें 9 दिसंबर 2021 को दर्ज एक प्राथमिकी और उनकी न्यायिक हिरासत के आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों को निराधार बताते हुए याचिका में आरोप लगाया है कि राजनीतिक द्वेष कारण बदले की भावना से उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# महिला आरक्षण विधेयक को अभी लागू किया जाना चाहिए : राहुल

जयपुर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए मांग की है देश में जातिगत जनगणना कराये जाने और महिलाओं के लिए लाये गये 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक को अभी लागू किया जाना चाहिए।

राहुल गांधी शनिवार को राजस्थान कांग्रेस के नये भवन के शिलान्यास के बाद आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर बताते हुए कहा कि ये बब्बर शेर शांति से बैठे हुए है, यह नफरत का बाजार नहीं है यह मोहब्बत की दुकान है, कोई अहंकार एवं नफरत नहीं है, मोहब्बत, इज्जत



एवं प्यार है, यह फर्क है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस में और दोनों में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले संसद में भाषण दिया और उसके बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई क्योंकि उन्हें डर लगता है। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान के नाम को बदलने की बाते हुई जबकि संविधान में साफ लिखा है इंडिया और भारत दोनों एक ही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया और भारत को लेकर लोगों को लड़ाने के प्रयास किए गए लेकिन अब उन्हें पता लग गया कि जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी तो अब संसद का विशेष सत्र बुलाया और अब महिला आरक्षण की बात की गई। उन्होंने कहा महिला आरक्षण का हमने पूरा समर्थन किया है, इससे पहले भी समर्थन किया हैं लेकिन हमारे दो तीन सवाल है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं किया गया। महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटे आज दी जा सकती है लेकिन बहाना बनाया जा रहा है, हम चाहते है कि महिला आरक्षण आज लागू हो और इसमें ओबीसी महिलाओं को भी इसका फायदा मिले।

# नागपुर के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति

### 400 से अधिक लोगों को किया गया रेस्क्यू

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के नागपुर में कुछ घंटों की भारी बारिश से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। आलम ये है कि पूरे क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। पानी भरने के कारण एक स्कूल में 70 छात्र फंस गए थे,जिन्हे सकुशल बचा लिया गया। मामले पर बोलते हुए महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 70 छात्र समेत 400 से अधिक लोगों को बाढ़ की स्थिति में रेस्क्यू किया गया। हालांकि भारी बारिश के कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। क्षेत्र में देर रात दो बजे से सुबह चार तक तकरीबन 90 मिमी बारिश हुई। जिसके कारण आस-पास मौजूद घरों और रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया। सड़कें और नालों ने रौद्र रुप ले लिया। इसी स्थिति में मौसम विभाग ने



अगले 24 घंटे के लिए जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। भारी बारिश को देखते हुए प्रशासन ने स्कूल और कॉलेजों को बंद रखने का फैसला लिया है। प्रेसवार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, बचाए गए लोगों को अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित कर दिया गया है। साथ ही, उन्हें हर जरुरी चीजें मुहैया कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने स्थिति का जायजा लेने के लिए नागपुर जिलाधिकारी से बात की। इस दौरान उन्होंने भारी बारिश से प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधाएं देने का भी निर्देश दिया है। साथ ही रेस्क्यू के लिए अतिरिक्त टीमों को तैनात करने की बात भी कही।

### गैंगरेप

### दोस्तों ने युवक को शराब पिलाकर की दरिंदगी, मौत से पहले महिला ने वीडियो में बताई बर्बरता

# पति के सामने पत्नी से गैंगरेप, दम्पत्ति ने किया सुसाइड

बस्ती (रुधौली)। यूपी के बस्ती में 2 पड़ोसियों ने एक युवक के सामने ही उसकी पत्नी से गैंगरेप किया। दोनों आरोपी घर में खाना खाने आए थे। वहां उन लोगों ने युवक को पहले ज्यादा शराब पिला दी।

युवक के नशे में होने के बाद दोनों ने उसकी पत्नी से गैंगरेप किया। इसके बाद दोनों घर से भाग गए। घटना 20 सितंबर की रात को रुधौली थाना क्षेत्र के एक गांव की है। घटना से आहत पति-पत्नी ने 21 सितंबर की सुबह जहर खा लिया। पति की 21 सितंबर को बस्ती के जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। वहीं पत्नी की अगले दिन 22 सितंबर को गोरखपुर के जिला



अस्पताल में मौत हुई। मरने से पहले दोनों ने अपने बच्चों से अपना एक वीडियो भी बनवाया था। जिसमें उन्होंने पूरी घटना बताई है।

### घटना में एक नाबालिग भी शामिल

इस मामले में महिला के देवर ने गैंगरेप का केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी का नाम त्रिलोकी (40) है। वहीं दूसरा आरोपी नाबालिग है। उसको बाल सुधार गृह भेजा जा रहा है। घटना में जमीनी विवाद होना भी बताया जा रहा है। पुलिस आरोपियों से जमीनी विवाद और गैंगरेप को लेकर पूछताछ कर रही है। बता दें, 21 सितंबर को जब दोनों के जहर खाने की बात सामने आई थी। तब सभी को लगा कि जमीनी विवाद में दोनों ने जहर खाया है। लेकिन महिला ने मौत से पहले अपने देवर को मोबाइल में बने वीडियो के बारे में बता दिया था। भाभी की मौत के बाद देवर फोन लेकर पुलिस के पास पहुंचा और सारी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया है। महिला के बड़े बेटे ने बताया, 21 सितंबर की सुबह मैं अपने भाई के साथ घर पर था। तभी हम लोगों को मां आवाज देती है। हम उनके पास जाते हैं तो पापा-मम्मी एक चारपाई पर लेटे होते हैं। वो हमसे रोते हुए एक वीडियो बनाने के लिए कहती हैं। वो हमसे कहती हैं, अब तेरे पापा-मम्मी जिंदा नहीं बचेंगे, उनकी बात सुनकर मैं रोने लगा। मम्मी ने फोन ऑन करके मुझको दे दिया।

### आरोपियों से पूछताछ की जा रही है- एसपी

महिला के देवर की तहरीर पर पुलिस ने गैंगरेप का केस दर्ज किया है। घटना स्थल का एसपी गोपाल चौधरी ने निरीक्षण किया है। मौके से फॉरेंसिक टीम ने सबूत जमा किए हैं। मामले में एसपी का कहना है, दंपती के जहर खाने से मौत की सूचना मिली थी। घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

## आंध्र प्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष हरिश्वर रेड्डी का निधन



भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ नेता और आंध्र प्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कोप्पुला हरिश्वर रेड्डी का लंबी बीमारी के कारण शुक्रवार रात यहां निधन हो गया। वह संयुक्त आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की सरकार में उपसभापति थे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव ने कोप्पुला हरिश्वर रेड्डी के निधन पर शोक व्यक्त किया। अपने शोक संदेश में केसीआर ने हरिश्वर के साथ अपने जुड़ाव को याद किया और एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के रूप में लोगों के प्रति दिवंगत नेता की सेवाओं की सराहना की।

नई दिल्ली
रविवार 24 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### टिहरी में करीब साढ़े 14 लाख कीमत के गुम 86 मोबाइल जब्त कर लौटाए वापस

टिहरी/देहरादून। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जनपद पुलिस की ओर से 14 लाख, 50 हजार, 78 रुपये कीमत के खोये 86 मोबाईल फोन बरामद कर शनिवार को मोबाइल धारकों को वापस किए गए हैं। अपना खोया फोन वापस पाकर फोन स्वामियों द्वारा पुलिस को धन्यवाद भी दिया गया। जनपद टिहरी गढ़वाल के समस्त थानों व अन्य माध्यमों से आम जनता के खोए हुए मोबाइल फोनों के शिकायती प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नवनीत भुल्लर द्वारा गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए सी0आई0यू0 सैल को त्वरित कार्रवाई कर मोबाइल फोनों की बरामदगी किये जाने हेतु आदेशित किया था। उपरोक्त आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक, टिहरी के निर्देशन में एवं पुलिस उपाधीक्षक, ऑपरेशन के पर्यवेक्षण में सीआईयू टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टिहरी जनपद में फरवरी 2023 से अब तक खोये हुये मोबाइलों को सर्विलांस व अन्य माध्यमों से 86 मोबाईल को उत्तराखंड व अन्य राज्यों से बरामद किया गया जिनकी कीमत लगभग 14,50,078 /- रुपए हैं। इन 86 मोबाईल फोनों को आज श्री भुल्लर की ओर से ढालवाला (मुनिकीरेती) स्थित सीआईयू कार्यालय में सम्बन्धित मोबाईल स्वामियों को सुपुर्द किये गये।

### अमृत महोत्सव पर 6.93 करोड़ खर्च, नहीं बुलाए स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन : सुक्खू

शिमला। हिमाचल विधानसभा के शिमला में चल रहे मानसून सत्र के छठे दिन प्रश्नकाल में अमृत महोत्सव के आयोजन का मुद्दा गूंजा। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में भाजपा शासन के दौरान अमृत महोत्सव के आयोजन में छह करोड़ 93 लाख रुपये खर्च किए गए। यह कार्यक्रम अमृत महोत्सव देश की आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में केंद्र की योजना के तहत मनाया गया। सुक्खू ने कहा कि अमृत महोत्सव केंद्र सरकार का एक कार्यक्रम है, लेकिन इसके लिए प्रदेश से बजट खर्चा गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उन लोगों के लिए समर्पित होने चाहिए, जिन्होंने देश को गुलामी की बेड़ियों से आजाद करवाया। लेकिन प्रदेश में हुए इन कार्यक्रमों में स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को नहीं बुलाया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार इस तरह के आयोजन में स्वतंत्रता सेनानियों को बुलाकर उनका सम्मान करती तो इस समारोह की महत्वता और ज्यादा होती। इसे राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बनाना चाहिए था।

### वज्रपात से एक किशोर की मौत, दो घायल

भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र में आज अचानक वज्रपात होने से एक किशोर की मौत हो गई और अन्य दो घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के ताड़र गांव में स्थित मंदिर परिसर में कुछ किशोर खेल रहे थे, तभी बारिश शुरू होने के पहले अचानक आकाशीय बिजली गिरने से तीन किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से तीनों को सन्हौला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि अस्पताल के चिकित्सक ने एक किशोर को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य दो का इलाज चल रहा है। मृत किशोर की पहचान जामवंत दास (13) के रूप में हुई है और वह ताड़र गांववासी मुरारी दास का पुत्र था। सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में पुलिस ने अस्वभाविक मौत का मामला दर्ज करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

### ईडी ऑफिस रांची के पास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई, हेमंत पहुंचे हाई कोर्ट

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ऑफिस के पास आज सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। ईडी ऑफिस के सामने बैरिकेडिंग लगायी गयी है। साथ ही सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गयी है। हालांकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ईडी ऑफिस जाएंगे कि नहीं इस पर संशय बरकरार है। ईडी ने जमीन घोटाले मामले में शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए ऑफिस बुलाया गया है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने ईडी के समन के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट की शरण ली है। उन्होंने आज 11 बजकर 7 मिनट पर याचिका दायर की है। शनिवार को ईडी ने चौथा समन भेजकर उन्हें पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था, लेकिन ईडी कार्यालय जाने से पहले मुख्यमंत्री ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर ईडी की कर्रवाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी याचिका में ईडी की शक्तियों को भी चुनौती दी है। मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश को अपना केस लड़ने के लिए नियुक्त किया है।

### मकान का छज्जा गिरने से दो महिलाओं की मौत

राजगीर। बिहार के नालंदा जिले में मानपुर थाना क्षेत्र के हरगावां पंचायत में दो मंजिला मकान का छज्जा गिरने से दो महिलाओं की दबकर मौत हो गई तथा कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मानपुर के थानाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने शनिवार को यहां बताया कि मकान का छज्जा गिरने से दो लोगों की मौत की सूचना मिली है। जिले में पिछले 24 घंटे से लगातार रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश में सभी लोग अपने घरों में थे। इसी दौरान सौदागर पासवान का पुराने मकान का छज्जा गिर गया। इस दुर्घटना में कई लोग मलबे के अंदर दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। शर्मा ने बताया कि मकान का छज्जा गिरने की आवाज को सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला। आनन फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए पावापुरी के विम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बालेश्वर पासवान की 65 वर्षीय पत्नी श्याम सुंदरी देवी और राजन पासवान की 25 वर्षीय पत्नी रंजू देवी की मौत हो गई।

### शिवानंद ने बिधूड़ी की लोकसभा की सदस्यता रद्द करने की मांग की

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने सदन के अंदर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रमेश बिधूड़ी की लोकसभा की सदस्यता रद्द करने की मांग की है। तिवारी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि संसद और विधानसभाओं में बहस के दरम्यान कभी-कभी उत्तेजित वातावरण बन जाता है । उस उत्तेजित माहौल में सदस्यों के मुँह से कभी-कभी असंसदीय शब्द भी निकल जाते हैं । अध्यक्ष या सभापति द्वारा उन शब्दों या वाक्य को असंसदीय करार देकर कार्रवाई से निकाल दिया जाता है लेकिन कभी-कभी बात और आगे बढ़ जाती है तो अध्यक्ष या सभापति संबंधित सदस्य से सदन में खेद व्यक्त करवाते हैं । राजद नेता ने कहा कि भाजपा के सांसद ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली के विरूद्ध जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया वह सिर्फ़ अली का ही नहीं बल्कि भारतीय संसद का अपमान है । उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने अपने दल के इस सांसद की भाषा के लिए खेद व्यक्त किया है लेकिन यह महज़ खेद व्यक्त करने लायक़ घटना नहीं है ।

### ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। सोसाईटी ऑफ एनर्जी इजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स (सीम) सीम द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 8वें नेशनल एनर्जी मैनेजमेंट अवार्ड समारोह में यह सम्मान दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण आलोक कटियार, द्वारा उक्त पुरस्कार को डॉ. अशोक कुमार, उप महानिदेशक, ऊर्जा दक्षता ब्यूरों, भारत सरकार के उपस्थिति में प्राप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि लगातार 03 वर्षों से क्रेडा को सीम द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य नामित एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## मणिमहेश : श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

### डल झील में शाही स्नान के शुभ मुहूर्त पर उमड़ी भीड; अब तक 3 लाख लोग पहुंचे



**शिमला।** उत्तर भारत की पवित्र एवं पावन मणिमहेश यात्रा में हजारों शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी। शाही स्नान के लिए 40 हजार से ज्यादा श्रद्धालु शनिवार को मणिमहेश पहुंचे और डल झील में आस्था की डुबकी लगाई।

शाही स्नान की शुरुआत राधाष्टमी पर पिछले कल दोपहर बाद संचुई गांव के त्रिलोचन महादेव के वंशज व मणिमहेश यात्रा के प्रमुख शिव गुरु ने दोपहर बाद डल झील को पार कर की। शाही स्नान का शुभ मुहूर्त कुल 23 घंटे 18 मिनट का है, जो दोपहर 12=18 बजे तक रहा। शुभ मुहूर्त के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां डुबकी लगा रहे हैं। बेशक शाही स्नान का शुभ मुहूर्त आज पूरा हो रहा है। मगर शिव भक्त अगले कुछ और दिन डल झील में आस्था की डुबकी लगा सकेंगे। आधिकारिक तौर पर यह यात्रा आज ही संपन्न हो रही है, लेकिन श्रद्धालु अगले तीन-चार दिन तक यह यात्रा कर सकेंगे। स्थानीय प्रशासन की माने तो पिछले कल भी डल झील में 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है। आज भी लगभग 45 हजार श्रद्धालुओं के डल झील पहुंचने की सूचना है। साल में यह यात्रा एक बार ही होती है। कुल मिलाकर तीन लाख के करीब श्रद्धालु इस यात्रा पर पहुंचे हैं। मणिमहेश यात्रा के दौरान इस बार मौसम ने भी साथ दिया है। 7 सितंबर से शुरू हुई इस यात्रा के दौरान दो तीन दिन को छोड़कर अधिकांश दिन मौसम साफ रहा। इससे लोग आसानी से इस यात्रा को कर पाए। अमूमन यहां अधिक ऊंचाई के कारण कभी भी बारिश-बर्फबारी हो जाती है, लेकिन इस बार दो तीन दिन ही हल्की बारिश हुई।

#### घोड़े और हेली टैक्सी से भी कर सकते हैं यात्रा

मणिमहेश यात्रा ज्यादातर श्रद्धालु पैदल करते हैं, मगर श्रद्धालु घोड़ों या हेली टैक्सी से भी इस यात्रा को पूरा करते हैं। घोड़े पर हड़सर से मणिमहेश के लिए लगभग 4400 रुपए चुकाना होगा, जबकि हेली टैक्सी से जाने के लिए 9 हजार रुपए किराया देना होगा। पैदल भी श्रद्धालु इस यात्रा को पूरा कर सकते हैं।

## कावेरी जल विवाद को लेकर पूरे कर्नाटक में विरोध प्रदर्शन जारी

मांड्या। तमिलनाडु को 28 सितंबर तक पानी छोड़ने के कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेश के विरोध में कर्नाटक के किसानों और कन्नड़ समर्थक संगठनों के नेतृत्व में पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारियों ने सीडब्ल्यूएमए के आदेश के कारण कर्नाटक के लोगों के साथ हुए 'अन्याय' के खिलाफ विभिन्न स्थानों पर नारे लगाने के अलावा जमीन पर लेट गए और मानव श्रृंखला भी बनाई। कर्नाटक रक्षणा वेदिके ने क्रमशः गुरुवार और शुक्रवार को बेंगलुरु और उडुपी में प्रदर्शन किया। उन्होंने मैसूरु, चामराजनगर और रामानगर सहित अन्य कावेरी नदी बेसिन जिलों में भी विरोध प्रदर्शन किया। चित्रदुर्ग, बल्लारी, दावणगेरे, कोप्पल और विजयपुरा जिलों में भी विरोध प्रदर्शन हुए जहां प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, सड़क जाम की, पुतले और टायर जलाए। प्रवीण शेट्टी के नेतृत्ववाले कर्नाटक रक्षणा वेदिके के कार्यकर्ताओं ने केआर पुरम में राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। बाद में उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कुछ कन्नड़ संगठनों ने मांड्या में टीके हल्ली पंपिंग स्टेशन को भी बंद कर दिया जो पूरे बेंगलुरु शहर को पानी की आपूर्ति करता है। ताजा विरोध प्रदर्शन उच्चतम न्यायालय द्वारा सीडब्ल्यूएमए और सीडब्ल्यूआरसी के आदेशों में हस्तक्षेप करने से इनकार करने के बाद शुरू हुआ, जिसमें कर्नाटक को 28 सितंबर तक तमिलनाडु को 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया था।

## रेखा आर्या ने उत्तराखंड के पहले फलोस्पैन का किया लोकार्पण

**रामनगर/नैनीताल।** उत्तराखंड की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री व नैनीताल जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को रामनगर में प्रथम फलोस्पैन का लोकार्पण किया। यह राज्य का पहला फलोस्पैन है।

राज्य सरकार और संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम की पहल पर निर्मित 500 मीट्रिक टन के इस फ्लोस्पैन गोदाम से पहाड़ के कई जिलों में राशन की आपूर्ति की जा सकेगी। इसे 50 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस मौके पर आर्य ने कहा कि प्रदेश में बरसात के समय भूस्खलन और बाढ़ की स्थिति रहती है और भूंकप के लिहाज से भी यह संवेदनशील है, ऐसे में विषम परिस्थितियों में इस गोदाम को हेलीकॉप्टर के माध्यम से आपदा प्रभावित इलाकों में अनाज के भंडारण के लिए या अन्य राहत बचाव कार्य के लिए स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य जिलों में भी इन्हें स्थापित किया जाएगा। फिलहाल यह कुमाऊं व गढ़वाल के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। इस दौरान खाद्य मंत्री ने राशन डीलरों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया।

## बागेश्वर उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायक पार्वती दास ने ली शपथ

देहराफुज। उत्तराखंड के बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजयी प्रत्याशी पार्वती दास ने शनिवार को विधानसभा की सदस्यता की शपथ ग्रहण की। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण ने उन्हें विधान भवन में शपथ दिलाई। इस अवसर पर, उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नव निर्वाचित सदस्य श्रीमती दास को शुभकामनाएं दी और बागेश्वर की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बागेश्वर के इतिहास में पहली बार बागेश्वर की जनता ने महिला प्रत्याशी को अपना विधायक चुना है।

## लोकसभा चुनाव में सांप्रदायिक भाजपा को हराने के लिए लोगों को एकजुट होना चाहिए



चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एम.के.स्टालिन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर गरीबों और दलितों के खिलाफ काम करने और सांप्रदायिक, विभाजनकारी और कॉर्पोरेट संचालित राजनीति का आरोप लगाते हुये आह्वान किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को व्यापक रूप से हराने के लिए लोगों को एकजुट होना चाहिए।

अपने पॉडकास्ट पर उन्होंने कहा कि देश को फिर से भाजपा से धोखा न मिले, इसके लिए देश की जनता को यह एहसास हो जाना चाहिये कि नरेंद्र मोदी एक ऐसे व्यक्ति हैं जो गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और गरीबों के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल ही में विभिन्न राज्यों में हुए चुनावों में भाजपा को मिली हार से यह साबित हो गया है। उन्होंने कहा, 2024 के चुनाव में भाजपा को व्यापक तौर पर हराना होगा.

मुख्यमंत्री ने अपने वीडियो पोस्ट में कहा भारत के सभी लोगों को भाजपा की सांप्रदायिक, विभाजनकारी, सत्तावादी और कॉर्पोरेट-संचालित राजनीति को समाप्त करने के लिए एक आवाज के रूप में एकजुट होना चाहिए। हमारे प्यारे भारत की रक्षा करना, जो विविधता में एकजुट है, एक जिम्मेदारी है जो हमारे हाथों में है।

## आयुष्मान भव: अभियान के तहत क्षय रोग उन्मूलन पर जोर

**स्वास्थ्य मेले के तहत 1102 लोगों की क्षय रोग व एनसीडी से संबंधित स्क्रीनिंग की गई व 1583 लोगों को ओपीडी सेवा के साथ नि:शुल्क दवा वितरित की गई**

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** आयुष्मान भव: अभियान के तहत उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जनपद में 59 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आयोजित दूसरा साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला शनिवार को क्षय रोग उन्मूलन के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर 1102 लोगों की टीबी व एनसीडी स्क्रीनिंग की गई, जबकि 1583 लोगों को ओपीडी सेवा के साथ नि:शुल्क दवा वितरित की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि आयुष्मान भव: अभियान के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में प्रत्येक शनिवार स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला क्षय रोग उन्मूलन को समर्पित किया गया।

जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर क्षय रोग की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही क्षय रोग के खात्में के लिए जनमानस को जागरूक करने के साथ-साथ सामुदायिक उत्तरदायित्व के तहत नि-क्षय मित्र बन क्षय रोगियों की सहयता के लिए आगे आने की अपील की गई।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेले के तहत 1102 लोगों की क्षय रोग व एनसीडी से संबंधित स्क्रीनिंग की गई व 1583 लोगों को ओपीडी सेवा के साथ नि:शुल्क दवा वितरित की गई। इस अवसर पर आभा कार्ड भी बनाए गए। डा. मर्तोलिया ने बताया कि आयुष्मान भव अभियान के तहत अगले दिसंबर माह तक सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में 976 साप्ताहिक स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाना है। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर होने वाले विशेषज्ञ स्वास्थ्य मेले के तहत आगामी 27 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के सहयोग से विशेषज्ञ स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा।

## कृषि यंत्रों से पराली प्रबंधन करने पर किसानों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

सिरसा। हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से किसानों के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। अब धान की कटाई का सीजन शुरू होते ही विभाग को फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाओं के दृष्टिगत इस पराली प्रबंधन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। किसान पराली प्रबंधन के लिए विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणाडाटजीओवीडाटइन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि धान कटाई के सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण एंव जनहित में पराली मे आग न लगाए। किसान इस स्कीम का लाभ लेने के लिए विभाग की वैबसाइ ट एग्रीहरियाणाडाटजीओवीडाटइन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो इंडस्ट्री धान की पराली का उपयोग करती हैं, वो भी पैडी स्ट्रा सप्लाई चैन प्रोजेक्ट लगाने हेतू ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## सिंगापुर में प्रशिक्षण के लिए 60 प्रिंसिपलों के दो बैच रवाना

चंडीगढ़। पंजाब में स्कूली शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए राज्य के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा आज मैगसीपा, चंडीगढ़ से प्रशिक्षण के लिए 60 प्रिंसिपलों के दो अन्य बैच को हरी झंडी देकर सिंगापुर के लिए रवाना किया । बैंस ने कहा कि शिक्षा से सम्बन्धित लक्ष्य को प्राप्त करने में अध्यापकों और स्कूल मुखियों की बहुत अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों और हेडमास्टरों/प्रिंसिपलों की पेशेवर सामर्थ्य को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अध्यापकों और हैडमास्टरों/प्रधानाचार्यों को मौजूदा समय की उत्तम तकनीकों से अवगत करवाने के लिए देश और विदेश में प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है, जिससे इन बेस्ट प्रैक्टिस को राज्य के स्कूलों में लागू किया जा सके। बैंस ने बताया कि फरवरी 2023 से अब तक राज्य सरकार द्वारा 30 और 36 प्रधानाचार्यों वाले चार बैच को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया है। यह प्रशिक्षण प्रोग्राम पी.ए.आई., सिंगापुर और एन.आई.ई.आई., सिंगापुर जैसे संस्थानों के सहयोग के साथ करवाया गया है। इस प्रशिक्षण का कोर्स समकालीन प्रशासकीय और शैक्षिक कौशल पर केंद्रित है, जिसमें नवीनतम अध्यापन विधियों, विशेषज्ञों द्वारा दिया जाता परामर्श आदि शामिल है।

## बोलेरो और कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर में उच्चैन थाना क्षेत्र के कैमासी गांव के पास आज टायर फटने से बेकाबू एक बोलेरो की कार से हुई भिड़ंत में कार सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में भरतपुर के सेवर थाना इलाके के गांधीनगर निवासी संताप (35) उसकी पत्नी डोली (33) और दिनेश नाम का एक व्यक्ति सवार था। ये लोग करौली के जटवाड़ा से उच्चैन जा रहे थे। जबकि बोलेरो कार में बामनवास निवासी मुकेश, भरत, डालू राम और लखन मीणा बैठे हुए थे।

## त्रिपुरा में बिजली सात प्रतिशत मंहगी



अगरतला। त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग (टीईआरसी) ने राज्य में बिजली की दरों में सात प्रतिशत तक वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (टीएसईसीएल) अध्यक्ष डी राधाकृष्ण ने शनिवार को कहा कि वार्षिक राजस्व को बढ़ाने में सहायता करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। विद्युत दरों में संशोधन के लिए गत जून में अर्जी दी गयी थी , जिसमें कहा गया था कि निगम का राजस्व उसके व्यय से 1100.60 करोड़ रुपये कम पड़ रहा है। उस अर्जी में इस अंतर को पाटने के लिए बिजली दरें बढ़ाने, काम में सुधार और विनियामिकीय देनदारियां लंबित करने का प्रस्ताव किया गया था। राधाकृष्ण ने कहा, यदि टीएसईसीएल के राजस्व घाटे के दावे के हिसाब से गणना की जाए तो उसे पूरा करने के लिए बिजली की दरों में करीब 150 प्रतिशत की वृद्धि करनी पड़ेगी लेकिन हमने सावधानी बरतते हुए इस घाटे को काट-छांट कर 60 करोड़ रुपये रखा है और इसके लिए दरों में सात प्रतिशत की वृद्धि करना अपरिहार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने टीएसईसीएल के अर्जी के संबंध में विभिन्न वित्तधारकों के साथ बातचीत करके दो खंडों में दरें बढ़ाने का फैसला किया है।

आयोग के फैसले के अनुसार, टीएसईसीएल फिक्स्ड चार्ज में पांच रुपये की बढ़ोतरी के साथ ही बिजली की दरों में वृद्धि करेगा। ताकि दोनों से 60 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व कमाया जा सके। आयोग ने कहा है कि उपभोक्ताओं पर फिक्स्ड चार्ज सबसे कम है। आयोग ने राज्य की विद्युत उत्पादन कंपनी को भी अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने को कहा है ताकि उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली का लाभ मिल सके। आयोग का यह भी कहना है कि त्रिपुरा में पिछले 10 साल में बिजली की दरों में सबसे कम वृद्धि हुयी है।

## पंजाब में खालिस्तानी चरमपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू , निज्जर की संपत्तियां जब्त



**जालंधर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत चंडीगढ़ और अमृतसर में प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपत्तियों को जब्त कर लिया है।

एनआईए मोहाली अदालत के आदेश पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के घर पर भी कार्रवाई हुई है। जालंधर जिले के भारसिंहपुरा गांव में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के घर के बाहर संपत्ति जब्ती का नोटिस चिपका दिया है।

चंडीगढ़ के सेक्टर 15 में पन्नू के आवास के बाहर चिपकाए गए संपत्ति जब्ती नोटिस में लिखा है, मकान नंबर 2033 का 1/4 हिस्सा सेक्टर 15-सी, चंडीगढ़, गुरपतवंत सिंह पन्नू के स्वामित्व में, जो एनआईए मामले आरसी- 19/ 2020/ एनआईए/ डीएलआई में 'घोषित अपराधी' है, गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की धारा 33(5) के तहत राज्य द्वारा जब्त कर लिया गया है।

इसी तरह का नोटिस अमृतसर में गुरपतवंत सिंह पन्नू के पैतृक गांव खानकोट में उनकी कृषि भूमि पर भी लगाया गया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 2020 में दर्ज एक आतंकवादी मामले के संबंध में गांव में पन्नू की 46 कनाल कृषि भूमि जब्त कर ली है। पन्नू के पिता मोहिंदर सिंह पन्नू विभाजन से पहले तरनतारन के पट्टी उपमंडल के नाथू चक गांव के निवासी थे। विभाजन के बाद परिवार अमृतसर के खानकोट गांव में स्थानांतरित हो गया। गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिका स्थित अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के संस्थापकों में से एक हैं और अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में सिखों के लिए एक अलग राज्य, जिसे वे खालिस्तान कहते हैं, की सक्रिय रूप से पैरवी करते हैं। जुलाई 2020 में, पन्नू को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था और दो महीने बाद, सरकार ने कड़े गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम की धारा 51 ए के तहत उसकी संपत्तियों की कुर्की का आदेश दिया।

पन्नू भारत के खिलाफ अभियान चला रहा है और अपने गृह राज्य पंजाब में सिख युवाओं को आतंकवाद में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। वह तथाकथित खालिस्तान जनमत संग्रह के एक प्रमुख आयोजक रहे हैं, जिन्होंने दुनिया भर के सिखों को इस बात पर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया कि क्या पंजाब को धर्म के आधार पर एक स्वतंत्र राष्ट्र बनना चाहिए।

## बारहबफात के जुलूस में डीजे, ढोल नगाड़ों पर पाबंदी

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव पर बारहबफात के जुलूस में इस बार डीजे गाड़ियों , ढोल नगाड़ों पर पाबंदी तथा चौपहिया वाहनों पर अंकुश रखा जायेगा। अजमेर में 28 सितंबर को सूफी इंटरनेशनल की ओर से निकलने वाले जश्ने ईद मिलादुन्नबी के विषय में आयोजित पत्रकार वार्ता में आज यह घोषणा की गई । सूफी इंटरनेशनल के सदर हाजी सरवर सिद्दीकी की मौजूदगी में दरगाह से जुड़ी अन्जुमन कमेटी के सचिव सरवर चिश्ती ने बताया कि हर साल की तरह हमें अपनी जान से प्यारे पैगंबर साहब के जुलूस में डीजे की पाबंदी रहेगी तथा पूरे जुलूस पर डोन के माध्यम से नजर रखी जायेगी। उन्होंने बताया कि जुलूस का सीधा प्रसारण डिजिटल मीडिया के माध्यम से किया जायेगा । जुलूस में क्लीन अजमेर, ग्रीन अजमेर की थीम पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

## कांग्रेस सत्ता में आते ही लागू करेगी महिला आरक्षण : खड़गे

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केन्द्र की मोदी सरकार पर उसकी कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अगले वर्ष कांग्रेस की सरकार बनने पर महिला आरक्षण को तत्काल लागू किया जायेगा।

खड़गे शनिवार को यहां राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय के नये भवन का शिलान्यास के बाद आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लेकर आई थी। उस समय इसका इन लोगों ने विरोध किया जो अभी सरकार में हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार की नीयत और नीति साफ नहीं है और ये लोग केवल भाषण करते हैं। उन्होंने कहा कि महिला विधेयक का सबने मिलकर समर्थन किया लेकिन अब यह कब आयेगा, वर्ष 2030 तक आयेगा। वर्ष 2029 में जनगणना होगी उसके बाद इसके लागू होने में और वक्त लगेगा और इसके आने में करीब दस साल की बात की जा रही हैं।

खड़गे ने कहा कि इस विधेयक को अभी लागू करना चाहिए। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि अगर अगले वर्ष केन्द्र में कांग्रेस सरकार आती है तो वह तत्काल महिला आरक्षण देने का काम करेगी।

उन्होंने संसद के विशेष सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र तो पांच दिन का बुलाया था लेकिन चार दिन में समाप्त कर दिया क्योंकि यह सत्र केवल संसद का नया भवन दिखाने के लिए बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि इन्हें नए भवन को दिखाना था, उसमें ऐसा क्या है दिखाने के लिए जो मंत्रियों, भाजपा के बड़े बड़े कार्यकर्ताओं, फिल्म कलाकारो आदि को बुलाया गया कि देखिए नया भवन बनाया गया। उन्होंने कहा कि संसद भवन चर्चा करने का

नई दिल्ली
रविवार 24 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 115वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

#### संस्कृति के सच्चे वाहक और राष्ट्रीय चेतना के मुखर कवि थे रामधारी सिंह दिनकर : दयानंद वत्स



नई दिल्लीज अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में राष्ट्रकवि स्वर्गीय श्री रामधारी सिंह दिनकर की 115वीं जयंती पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि रामधारी सिंह दिनकर संस्कृति के सच्चे वाहक और राष्ट्रीय चेतना के मुखर कवि थे। दिनकर ओज और वीर रस के कवि थे। दिनकर ने कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रेणुका, रश्मिरथी, हुंकार, परशुराम की प्रतीक्षा, संस्कृति के चार अध्याय जैसी प्रमुख कृतियों की रचना की है। वत्स ने कहा कि दिनकर राज्यसभा के सांसद भी रहे। साहित्य में उनके योगदान के लिए दिनकर को पद्मभूषण, ज्ञानपीठ पुरस्कार और साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी अलंकृत किया गया।

### घर में घुसकर छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश

मोदीनगर। मोदीनगर में भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश किया। विरोध करने पर आरोपी ने छात्रा की पिटाई की और उसके कपड़े फाड़ डाले। इस दौरान आरोपी का भाई बाहर खड़ा होकर निगरानी करता रहा। उसने ग्रामीणों को आता देख शोर मचा दिया, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। एक गांव निवासी एक व्य ?क्ति की 19 वर्षीय पुत्री बीएससी की छात्रा है। छात्रा प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग कर रही है। बताया कि बीते रात छात्रा के परिजन काम से बाहर चले गए। जिस कारण घर पर छात्रा अकेली रह गई। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी युवक जबरन उनके घर में घुस गया और छात्रा को कमरे में खींचकर उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। छात्रा ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी। छात्रा ने आरोपी के हाथ पर काट लिया। इसके बाद गुस्साए दरिंदे ने छात्रा के कपड़े फाड़ दिए। इस बीच ग्रामीणों को आता देख बाहर खड़े आरोपी के भाई ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आरोपी वहां से भाग निकला। एसीपी ज्ञानप्रकाश ने बताया कि तहरीर के आधार पर विपिन पुत्र सुरेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### जेएनयू, डीयू, बीएचयू, बीबीएयू में पीएचडी दाखिला प्रवेश परीक्षा अक्तूबर में

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी और बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर में शैक्षणिक सत्र 2023 में पीएचडी दाखिले की प्रवेश परीक्षा अक्तूबर में आयोजित की जाएगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने चारों केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पीएचडी दाखिला प्रवेश परीक्षा 26, 27, 30 और 31 अक्तूबर को आयोजित करने का फैसला लिया है। कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा के लिए देशभर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। एनटीए की सीनियर डायरेक्टर डॉ. साधना पराशर की ओर से छात्रों के नाम पब्लिक नोटिस जारी किया गया है। इसमें लिखा है कि पीएचडी दाखिला प्रवेश परीक्षा चार दिन आयोजित होगी। इच्छुक उम्मीदवारों के पास ऑनलाइन आवेदन पत्र की त्रुटियों में सुधार का 24 सितंबर तक आखिरी मौका है। छात्र मोबाइल नंबर, ई-मेल, घर के पते में बदलाव नहीं कर सकते हैं। जबकि उम्मीदवार अपने नाम, माता-पिता के नाम, फोटो और हस्ताक्षर में बदलाव कर सकते हैं। इसके अलावा जन्मतिथि, लिंग, वर्ग और श्रेणी, परीक्षा केंद्र, स्नातक और स्नातकोत्तर की डिटेल आदि में भी बदलाव कर सकेंगे।

### डेढ़ साल में टॉय पार्क हो जाएगा शुरू



ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण के चेयरमैन ने एयरपोर्ट से फिल्म सिटी तक पॉड टैक्सी के साथ मेडिकल डिवाइस पार्क एवं टॉय पार्क को डेढ़ साल में चालू कराने का दावा किया है। शुक्रवार को यीडा के चेयरमैन अनिल कुमार सागर ने कहा कि क्षेत्र में औद्योगिक भूखंड़ों के आवंटियों को आवंटन पत्र दिए जा चुके हैं। नक्शा पास कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले डेढ़ साल में इन औद्योगिक भूखंडों पर कई इकाइयां उत्पादन शुरू कर देंगी। उन्होंने टॉय पार्क को भी शुरू कराने का दावा किया है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अभी तक औद्योगिक भूखंडों स्वामियों को प्राधिकरण की ओर से जो सुविधाएं दी जानी है उनमें काम शुरू कर दिया है। एक से डेढ़ साल में औद्योगिक क्षेत्र में कई कंपनियों द्वारा उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। उधर, सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि यीडा की ओर से अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान ही डाटा सेंटर, छह यूनिवर्सिटी और मिक्स लैंड यूज एवं एमएसएमई की परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। इन योजनाओं की जानकारी उद्यमियों को दी जा रही है और अगले-एक से डेढ़ साल में यमुना प्राधिकरण इतनी तेजी से विकसित होगा कि अन्य शहरों से कई गुना इसकी रफ्तार होगी।

# दिल्ली-एनसीआर का बदला मौसम

## झमाझम बारिश के बाद भी उमस से राहत नहीं



दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली। दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार दोपहर हुई जोरदार बारिश से मौसम सुहाना हो गया। एक घंटे में 15.2 मिलीमीटर बारिश हुई। इससे तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग का मानना है कि अगले छह दिन बादल छाये रहेंगे। रविवार को भी कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, दोपहर 12.30 बजे अलग-अलग इलाकों में बारिश शुरू हुई। सबसे ज्यादा बारिश रिज और दिल्ली विश्वविद्यालय के क्षेत्र में हुई। इन दोनों जगहों पर लगभग 25 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सबसे कम बारिश नरेला में हुई। यह एक मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को दिल्ली का तापमान 36.8 डिग्री था, वहीं शनिवार को तापमान 35.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक है। हवा की गति शनिवार को आठ से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। मौसम विभाग का मानना है कि अगले कुछ दिन तापमान 35-36 डिग्री रहेगा।

दिल्ली में उमस और गर्मी से लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। लेकिन दिल्ली-एनसीआर में हुई तेज बारिश चलते ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन गई।कई जगहों पर जलजमाव देखने को मिल रहा है। इसके चलते लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। मौसम विभाग ने रविवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश का पूर्वानुमान किया है। इसने यह भी कहा है कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 33 और 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

आईएमडी ने आमतौर पर दिन के समय बादल छाए रहने तथा हल्की बूंदाबांदी की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक, शहर में सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर सापेक्षिक आर्द्रता 84 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। जबकि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शहर में शाम साढ़े पांच बजे ह्यूमिडिटी 60 प्रतिशत रही। दोपहर करीब 12 बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 112 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# गाजियाबाद में लिव-इन-पार्टनर की मौत

एजेंसी

**मोदीनगर।** गाजियाबाद के मोदीनगर में लिव-इन पार्टनर के साथ डॉक्टर के पास इलाज कराने आए सर्राफ की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे सर्राफ के घरवालों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने प्रेमिका पर सर्राफ को जहर देकर मारने का आरोप लगाया। वहीं प्रेमिका ने सर्राफ के घरवालों पर सर्राफ की हत्या करने का आरोप लगाया।

वहां काफी देर तक हंगामा चला। बताया जा रहा है कि सर्राफ धर्म परिवर्तन कर अपनी प्रेमिका के साथ रह रहा था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। मामला शुक्रवार शाम का बताया जा रहा है।

नगर की कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी दीपक कुमार अपनी पत्नी पूनम व पुत्रों के साथ रहते थे। उनकी कस्बा निवाड़ी में ज्वैलरी की दुकान थी। वहीं पर उनकी मुलाकात एक महिला से हुई। इसके बाद दीपक के इस महिला से प्रेम संबंध हो गए। वह तीन साल से इसी महिला के साथ मेरठ में लिव-इन में रह रहे थे। शुक्रवार शाम दीपक को लेकर महिला मोदीनगर की देवेन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित एक चिकित्सक के पास दिखाने के लिए लाई थी। इसी बीच वहां पर दीपक की पत्नी व बच्चे भी पहुंच गए और हंगामा हो गया।

परिजनों ने दीपक को जबरदस्ती अपनी कार में बैठा लिया। इस दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और मौत हो गई। अचानक हुई मौत के बाद हड़कंप मच गया। लिव इन पार्टनर ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी और हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गाजियाबाद में नाले में मिले गोवंश के अवशेष

गाजियाबाद। दिल्ली से गाजियाबाद की तरफ आ रहे नाले में शनिवार को गोवंश के अवशेष मिले हैं। इस पर हिन्दू संगठनों का गुस्सा भड़क गया। सैकड़ों लोगों ने नाले पर पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने गोवंश के अवशेष कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया, शनिवार दोपहर करीब 12 बजे थाना शालीमार गार्डन को सूचना प्राप्त हुई कि दिल्ली की तरफ से आने वाले नाले में गोवंशीय अवशेष मौजूद हैं। तत्काल स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच हेतु भेज दिया गया है। थाना शालीमार गार्डन पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उधर, इस मामले की सूचना मिलते ही हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी भैया अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पिंकी भैया ने कहा, %पिछले कुछ महीनों में ये तीसरी-चौथी घटना हुई है। हर बार नाले में गोवंश का सिर और टांग मिलती हैं। नाले के पास ही कुछ मुस्लिम युवक रहते हैं, जो गोवंश को खाते हैं। हम पहले भी उन पर कठोर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं, लेकिन बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है। पुलिस इस मामले में आरोपियों को चिह्नित करे और कठोर से कठोर कार्रवाई करे। शहीदनगर निवासी हाजी रिजवान ने भी कुछ दिनों पहले पुलिस को इस संबंध में एक शिकायत भेजी थी। रिजवान के अनुसार, शहीदनगर में मीट कारोबार से जुड़े कुछ लोग गोवंश का वध कर रहे हैं।

# एनसीआर में 5000 मकानों पर चलेंगे बुलडोजर

## दिल्ली बॉर्डर से सटी 5 अवैध कॉलोनियों को पांच दिन में खाली करने का नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर की अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोग सावधान हो जाएं। दिल्ली-फरीदाबाद बॉर्डर के पास यमुना की तलहटी में बसी बसंतपुर, अटल चौक, नूर चौक, शिव एंक्लेव पार्ट-दो, तीन, अजय नगर आदि कॉलोनियों में बने अवैध मकान तोड़े जाएंगे। फरीदाबाद नगर निगम ने यहां करीब पांच हजार मकानों को नोटिस देकर उन पर बुलडोजर चलाने की तैयारी कर ली है। लोगों को मकान खाली करने के लिए पांच दिन का समय दिया गया है। झ्ठ्अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार से तोड़फोड़ शुरू कर दी जाएगी। गुरुवार से इसके लिए इलाके में मुनादी भी करवाई जा रही है। इन कॉलोनियों में सार्वजनिक स्थानों में नोटिस भी चस्पा कर दिए गए हैं।

### पांच किलोमीटर के दायरे में बसा दी पांच कॉलोनी

दिल्ली के जैतपुर से सटे फरीदाबाद के बसंतपुर से गुजर रहे यमुना किनारे दो किलोमीटर के दायरे में पांच से अधिक कॉलोनियां बसी हैं। जुलाई में यमुना में जलस्तर बढ़ने के साथ आई बाढ़ के बाद से यह क्षेत्र सुर्खियों में आया। बाढ़ के चलते एक युवक की जहां मौत हो गई, वहीं हजारों परिवारों को अपने घर को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा था। इस दौरान आपराधिक किस्म के लोगों ने कई घरों में चोरी की वारदात को भी अंजाम दिया। ठ्हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत कैंप समेत जरूरी सुविधा की व्यवस्था की गई थी। पुलिस ने भी बोट से लगातार राउंड लगाने का दावा किया था। सरकारी अमलों की नाक के नीचे इन कॉलोनियों के बसने से लोग जिला प्रशासन, पुलिस व नगर निगम आदि पर मिलीभगत करने के आरोप लगाने लगे। बाढ़ के करीब दो महीने बाद नगर निगम ने क्षेत्र में रह रहे लोगों को सार्वजनिक नोटिस जारी कर मकान खाली करने का आदेश जारी किया है।

### जमीन खरीदकर बनाए मकान

यमुना की तलहटी में पांच हजार से अधिक मकान बने हैं। इनमें से कई मकान दो से तीन मंजिला बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने मकान बनाने के लिए अपनी पूरी जमां पूंजी लगा दी। अब सरकार उन्हें तोड़ने की तैयारी कर रही है। वहीं, नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि लोगों ने डूब क्षेत्र में निर्माण के लिए अनुमति नहीं ली है। बिना अनुमति के मकान बनाए गए हैं।

# सूर्या फाउण्डेशन के केन्द्रीय कार्यालय में सेमिनार का आयोजन किया






नई दिल्ली। सूर्या फाउण्डेशन के शैक्षिक विंग स्कूल भारती आर्गनाइजेशन द्वारा NEP-2020 एवं सूर्यभारती पुस्तकों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता पर आधारित सेमिनार 23 सितम्बर 2023, प्रात: 10 : 30 बजे से सायं 4: 00 बजे तक, सूर्या फाउण्डेशन के केन्द्रीय कार्यालय, बी-3/ 330 पश्चिम विहार, नई दिल्ली में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्री ऋषि कमार शर्मा, उपसचिव हिन्दी अकादमी, दिल्ली उपस्थित थे । इसमें अलग-अलग स्कूलों से आए शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, प्रबन्धकों आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं वन्दना से हुआ। सेमिनार के प्रारम्भ में मंच संचालन कर रहे आचार्य श्री गोविन्द राम अग्रवाल ने मुख्य वक्ता एवं अतिथियों का परिचय कराया। ऋषि कुमार शर्मा ने शिक्षा बजट को बढ़ाकार GDP का 6 प्रतिशत करने पर कहा कि इससे अपने देश की शिक्षा व्यवस्था में अवश्य सुधार होगा। NEP-2020 के माध्यम से देश को जोड़ने और भारतीयता को जगाने का प्रयास किया गया है। इस नीति में नैतिकता और सदाचार पर अधिक जोर दिया गया है। नवाचार को भी प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान हमारे मस्तिष्क को केवल 10 प्रतिशत ही कवर करता है शेष 90 प्रतिशत मस्तिष्क को सुनकर या देखकर अर्जित किया हुआ ज्ञान प्रभावित करता है। अति भौतिकतावादी सोच पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोप जाकर जॉब करने वाले अधिकांश बच्चे अपने माता पिता की मृत्यु पर भी वापस नहीं आते क्योंकि उनको माता पिता के प्रति नैतिक कर्तव्य का बोध नहीं कराया जाता। उन्हें केवल अधिक से अधिक पैसा कमाना सिखाया जाता है। इस नीति में शिक्षार्थी के चरित्र और व्यक्तित्व विकास पर विशेष जोर दिया गया है। इसे क्रियान्वित करने पर लगभग 10 वर्षों में इस का स्पष्ट परिणाम दिखेगा। अन्त में सभी प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं को सूर्या फाउण्डेशन के सेमिनार में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद देते हुए उन्होंने अपना वक्तव्य पूरा किया। प्रो. एच एल शर्मा ने सूर्य भारती पुस्तकों की रचना का संक्षिप्त विवरण देते हुए बताया कि नन्हें-मुन्हें बच्चों की पीठ पर बस्ते का भारी भरकम बोझ एवं खिलते हुए फूलों की तरह प्रसन्नता के बजाय बच्चों के माथे पर तनाव और चिन्ता की रेखाएँ देखकर अक्सर द्रवित हो जाते थे।

# व्यापार मेले में पहुंचे 48 हजार लोग, जमकर की खरीदारी

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के दूसरे दिन लोगों की भीड़ उमड़ी। सुबह के वाणिज्यिक समय के दौरान देश और विदेश के खरीदार पहुंचे। जबकि दोपहर बाद आम जनता मेला देखने पहुंची। शुक्रवार को सबसे अधिक भीड़ हॉल नंबर 9, 10, 11, 14 और 15 में रही। वहां लोगों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के खास उत्पादों का जायजा लिया। साथ ही जमकर खरीदारी भी की। फूड स्टॉल पर भी अलग-अलग जिलों के खाने का स्वाद चखने के लिए लोग कतार में लगे दिखे। व्यापार मेले में लोगों को गेट नंबर एक, तीन, चार और पांच से प्रवेश दिया गया। सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक व्यापारियों और खरीदारों को प्रवेश दिया गया। इस दौरान 33 हजार लोग पहुंचे और प्रदेश के विभिन्न उत्पादों का जायजा लिया। पसंद आने पर ऑर्डर भी दिए। जिससे प्रदर्शकों के चहेरे खिल उठे। दोपहर तीन से आम जनता को प्रवेश दिया गया। दूसरे दिन 15 हजार लोग मेला देखने पहुंचे। सबसे घरेलू और वैश्विक ब्रांडों के उत्पादों के स्टाल पर भीड़ रही। उधर रामायण पर आधारित मनोरम कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। बेंगलुरु के स्वरात्मा बैंड ने समा बांध दिया। मेले में ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्ग भी काफी पहुंचे। जबकि विभिन्न कॉलेजों के हजारों छात्रों ने भी उत्पादों को परखा और प्रदेश के बारे में जानकारी हासिल की। वहीं सुबह 11: 30 बजे उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने किया। वहीं यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने यूपी में निवेश की संभावनाओं पर प्रस्तुति दी और कहा कि ज्यादातर व्यवसाय को लॉजिस्टिक लागत का सामना करना पड़ता है।

# सर्किट की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

## सर्किट तक पहुंचने में लोगों के छूटे पसीने, पानी के लिए तरसे पुलिसकर्मी

एजेंसी



**जेवर।** शुक्रवार से तीन दिवसीय मोटोजीपी बाइक रेस की शुरुआत हुई है। जिसमें दूसरे दिन शनिवार को रेस की प्रैक्टिस देखने के लिए युवाओं की काफी ज्यादा भीड़ देखी गई। सुबह करीब 8: 30 बजे से ही लोग सर्किट में अपनी सीटों पर पहुंच गए। वही, सर्किट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाहर और अंदर पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।

देश में पहली बार हुई मोटोजीपी बाइक रेस को लेकर देश के लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया। पहले दिन रेस की प्रैक्टिस देखने के लिए विदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों से लोग परिवार के साथ रेस देखने के लिए पहुंचे। जिन्होंने बताया कि वह तीन दिन तक रेस के रोमांच का आनंद लेंगे।

पुलिसकर्मी दिन भर प्यासे रहे- रेस को लेकर सर्किट के बाहर और अंदर सुरक्षा व्यवस्था में सैकड़ो पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।

लेकिन उनको पानी पीना भी नसीब नहीं हुआ। दिनभर पुलिसकर्मी प्यासे घूमते रहे।

गाजियाबाद निवासी एक दरोगा ने बताया कि उनकी ड्यूटी मोटोजीपी बाइक रेस में लगी है। उन्होंने बताया कि लेकिन दिनभर उनको पानी पीने तक नहीं मिला।

जिसके बाद उन्होंने कस्बे से किसी अपने अन्य परिचित पुलिसकर्मी को भेजकर पानी खरीदकर मंगाया। उन्होंने बताया कि ड्यूटी में लगे किसी भी पुलिसकर्मी को पानी की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन की तरफ से नहीं की गई। जिसकी वजह से दिनभर उनको परेशानी उठानी पड़ी।

सर्किट या बाहर कोई हादसे का शिकार हो जाए तो ऐसे लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए करीब 20 एंबुलेंस तैनात रही। जिसमें जिले की लगभग सभी प्राइवेट अस्पतालों ने अपनी एंबुलेंस वहां पर तैनात की हुई हैं।

अस्पताल कर्मियों का कहना है कि तीन दिन तक होने वाली रेस के दौरान उनकी एम्बुलेंस सर्किट और उसके बाहर खड़ी रहेगी।

### पुलिसकर्मी सेल्फी लेते हुए भी नजर आए

रेस को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया। लोगों का कहना है कि भारत में पहली बार मोटोजीपी रेस हो रही है। जिसको लेकर देश को लोगों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। जिसको लेकर लोग सर्किट पर पहुंचकर जिस वक्त बाइक की रेस वहां से निकलती थी। उस दौरान उन्होंने सेल्फी लेकर अपने परिवार के लोगों को भेजकर रफ्तार के रोमांस का लुफ्त उठाया।

### गाजियाबाद में भाजपाइयों ने बनवाए आयुष्मान कार्ड

गाजियाबाद ।भाजपा के चल रहे सेवा पखवाड़ा में आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम एवं नए कार्ड बनवाने के लिए स्वास्थ मेला संजयनगर पी-ब्लॉक स्थित मोहल्ला क्लीनिक पर शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉक्टर रमेश चंद तोमर पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा सरकार का लक्ष्य आयुष्मान कार्ड के द्वारा इसका लाभ जन-जन तक पहुंचाने का है। तभी आयुष्मान भव योजना के तहत कार्ड बनवाने के लिए स्वास्थ्य मेले आयोजन किया गया है। मोहल्ला क्लीनिक पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर्यन हरित ने कार्ड के लिए पात्रता को बताते हुए आयुष्मान कार्ड को आयुष्मान भव एप पर डाउनलोड कराया। सेवा शिविर में प्रदेश मंत्री मंडल प्रभारी रुचि गर्ग, पूर्व नगर अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, महानगर मीडिया संयोजक प्रदीप चौधरी, मंडल संयोजक ओम दत्त कौशिक, महामंत्री नीरज त्यागी, कविता चौहान, अभिजीत मुखर्जी, अनिल अरोड़ा, मनीष मित्तल, तनुज खन्ना, अनुज राघव, राजीव धीर, रमा गुप्ता, भावना जौहरी, जे के राणा, राजू चौहान रमेश शर्मा, संतोष देवी, सपना, सौरभ , राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# मोटो जीपी एनसीआर को देगा 1000 करोड़ का कारोबार

## कंपनियों के साथ राउंड टेबल मीटिंग से मिलेगा निवेश, दुनिया में दूसरे नंबर पर है फैन फॉलोइंग






नोएडा। दुनिया में टॉप 10 स्पोर्ट्स में शामिल मोटो जीपी रेस का ग्लोबल इफेक्ट्स के साथ दिल्ली-एनसीआर में इसका आर्थिक असर दिखने लगा है। फेयर स्ट्रीट सीओओ पुष्कर नाथ श्रीवास्तव ने बताया, दिल्ली-एनसीआर में मोटोजीपी 1,000 करोड़ रुपए का कारोबार ला सकता है। इंडोनेशिया के लोम्बोक द्वीप में अपने पिछले मोटो जीपी के आयोजन से करीब 1,700 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था। साथ ही यहां अस्थायी रोजगार के अवसर भी पैदा होगा। साथ ही बड़ी संख्या में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल टूरिस्ट को आकर्षित कर रहा है।

इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में 1.5 लाख के करीब लोग रेस देखने आएंगे। विदेशों से 10,000 लोग इस इवेंट का हिस्सा बनने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट आएंगे। इसके अतिरिक्त, 200 देशों में इस इवेंट को टेलीकास्ट किया जाएगा और 800 से लेकर 1.80 लाख रुपए तक की प्राइस रेंज में इवेंट से जुड़े टिकट बिक रहे हैं। इसके अलावा होटल इंडस्ट्री को सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। इस आयोजन से नोएडा-ग्रेटर नोएडा और दिल्ली के अधिकतर होटल फुल है।

मोटर स्पोर्ट्स की बात करें तो फॉर्मूला वन रेस के बाद दूसरे नंबर पर मोटोजीपी की फॉलोअर्स है। दुनिया भर में करीब 500 मिलियन लोग मोटोजीपी के फैन्स है। वहीं फॉर्मूला वन रेस पहले स्थान पर करीब 731 मिलियन , डब्ल्यूआरसी के 413 मिलियन, फॉर्मूला ई 413, मोटो ई, डैकर रैली के 401 मिलियन, 284 मिलियन, एक्स्ट्रीम के 258 मिलियन फैन है। अकेले भारत में 54 मिलियन लोग इसे देखना पसंद करते है। हालांकि इस मामले में चाइना हमसे कही ज्यादा करीब 103 मिलियन पर है। ये सभी आकड़े नाइलसन स्पोर्टस फेन इनसाइट्स के तहत जारी किए गए है। इतनी बड़ी संख्या में भारत में फैन्स फॉलोअर्स के अलावा मोटर बाइक के मामले में इंडिया की पोटेंशियली मार्केट सबसे ज्यादा है।

### पर्यटन के बढ़ावा के साथ मिलेगा वैश्विक निवेश

प्रदेश में इसी वर्ष 10 से 12 फरवरी के बीच ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के जरिए 35 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रदेश में निवेश आया था। इसमें दुनिया की सभी प्रमुख कंपनियों की भी व्यापक उपस्थिति थी। अब प्रदेश में मोटो जीपी के आयोजन के दौरान भी स्पोर्टिंग वर्ल्ड समेत दुनिया की लीडिंग मल्टीनेशनल ब्रांड्स की प्रदेश में उपस्थिति रहेगी। इस मौके को प्रदेश में निवेश को गति देने के अवसर के तौर भुनाने के लिए भी योगी सरकार तमाम प्रयास कर रही है। इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमड्ब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ भी इवेंट में शिरकत करने आ रहे हैं, ऐसे में योगी सरकार की प्राथमिकता इन कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक करेंगे। बैठकों के जरिए प्रदेश में अगर इन कंपनियों के निवेश का रास्ता साफ हो गया तो इससे ब्रांड यूपी की वैश्विक उपलब्धि और ज्यादा बढ़ेगी।

# संपादकीय

## घरेलू बचत का लगातार गिरना, पूरी अर्थव्यवस्था के लिए चिंता की बात

### सरकार को मंदी के जोखिम से बचने के लिए राष्टीय बचत दर को बेहतर रखना ही होगा।

किसी देश की अर्थव्यवस्था इस पैमाने पर भी आंकी जाती है कि उसकी घरेलू बचत, प्रति व्यक्ति आय और क्रयशक्ति की स्थिति क्या है। मगर हमारे यहां घरेलू बचत लगातार गिरावट की ओर है। मौजूदा वित्तवर्ष में यह पिछले पांच दशक में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वित्तवर्ष में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में करीब पचपन फीसद की गिरावट आई और यह सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 फीसद पर पहुंच गई।

गौरतलब है कि वित्तवर्ष 2020-21 में यह जीडीपी के 11.5 फीसद पर थी, जबकि महामारी से पहले 2019-20 में यह आंकड़ा 7.6 फीसद था। वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट पर सफाई देते हुए कहा है कि लोग अब आवास और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियों में अधिक निवेश कर रहे हैं। इसका असर घरेलू बचत पर पड़ा है। मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि संकट जैसी कोई बात नहीं है। सरकार ने यह भी कहा है कि पिछले दो साल में परिवारों को दिए गए खुदरा ऋण का 55 फीसद आवास, शिक्षा और वाहन पर खर्च किया गया है।

परिवारों के स्तर पर वित्तवर्ष 2020-21 में 22.8 लाख करोड़ की शुद्ध वित्तीय परिसंपत्ति जोड़ी गई थी।2021-22 में लगभग सत्रह लाख करोड़ और वित्तवर्ष 2022-23 में 13.8 लाख करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्तियां बढ़ी हैं। इसका मतलब है कि लोगों ने एक साल पहले और उससे पहले के साल की तुलना में इस साल कम वित्तीय संपत्तियां जोड़ी हैं।

सरकार के अनुसार ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि वे अब कर्ज लेकर घर और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियां खरीद रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में आवास और वाहन ऋण में दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि महामारी के बाद से लोग काफी सचेत हुए हैं। वे जोखिम वाले निवेश से बच रहे हैं। दूसरी बात, बचत खातों पर ब्याज दर बहुत आकर्षक नहीं है।

ऐसे में लोग प्रतिभूतियों आदि में ज्यादा निवेश कर रहे हैं। यह भी घरेलू बचत कम होने का एक कारण है। एसबीआइ के मुख्य आर्थिक सलाहकार का भी कहना है कि शायद ब्याज दरें कम होने का विपरीत प्रभाव घरेलू बचत पर पड़ा है। आम लोगों का रुझान भौतिक संपत्तियों की तरफ बढ़ा है।

सरकार चाहे जो तर्क दे, पर घरेलू बचत का लगातार गिरना कोई अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। घरेलू बचत सामान्य सरकारी वित्त और गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए कोष जुटाने का सबसे महत्त्वपूर्ण जरिया होती है। देश की कुल बचत में महत्त्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाली घरेलू बचत का लगातार गिरना निम्न और मध्यवर्ग ही नहीं, पूरी अर्थव्यवस्था के लिए चिंता की बात है।

सरकार को मंदी के जोखिम से बचने के लिए राष्ट्रीय बचत दर को बेहतर रखना ही होगा। इसके पक्ष में अर्थशास्त्री स्पष्ट कहते हैं कि वर्ष 2008 की वैश्विक मंदी का असर भारत पर इसलिए भी कम पड़ा था कि भारतीयों की घरेलू बचत मजबूत स्थिति में थी। देश में घरेलू बचत घटने से ऐसे लोगों का आर्थिक प्रबंधन भी चरमरा रहा है।

जो शादी-ब्याह, सामाजिक रीति-रिवाज, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और त्योहारों आदि पर खर्च के लिए अपनी छोटी बचतों पर ही निर्भर होते हैं। सरकार को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा जरूरतों के परिप्रेक्ष्य में बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में वृद्धि करनी चाहिए। इसमें कोई दो-राय नहीं कि बचत प्रोत्साहन से देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

## चीन ने भारत के साथ अपना पुराना खेल खेलना शुरू किया

### खेलों के आयोजन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से दो देशों के बीच रिश्ते होते हैं मजबूत

इन दिनों चीन के हांगझाउ शहर में एशियाई खेल चल रहे हैं। माना जाता है कि खेलों के आयोजन और साहित्य, कला, संस्कृति के आदान-प्रदान से देशों के बीच रिश्ते मजबूत होते हैं। मगर इन खेल प्रतिस्पर्धाओं के बीच चीन ने भारत के साथ अपना पुराना खेल खेलना शुरू कर दिया। अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली तीन भारतीय मार्शल खिलाड़ियों को उसने एशियाई खेलों में प्रवेश देने से मना कर दिया।

इस पर भारत ने तुरंत कड़ी प्रतिक्रया दी है। युवा मामले एवं खेल मंत्री ने अपनी चीन यात्रा रद्द कर दी है, जो खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने वहां जा रहे थे। हालांकि इस घटना के पीछे एक तर्क यह दिया जा रहा है कि जिन तीन खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में हिस्सा लेने से रोक दिया गया है, वे अपना मान्यता कार्ड नहीं निकाल पाई थीं।

दरअसल, वही मान्यता कार्ड उनके वीजा के रूप में काम करता है। चीन की एशियाई खेल आयोजन समिति ने उन्हें उसमें हिस्सा लेने की इजाजत दे दी थी। मगर यह तर्क किसी के गले नहीं उतरने वाला है। थोड़ा पीछे लौट कर देखें तो जुलाई महीने में चीन के चेंगदू में आयोजित विश्व विश्वविद्यालय प्रतिस्पर्धा में इन्हीं तीन खिलाड़ियों को चीन ने नत्थी यानी स्टेपल वीजा जारी किया था। नत्थी वीजा देने का मतलब है कि चीन उन्हें भारत का नागरिक नहीं मानता। इससे नाराज होकर भारत ने उन तीनों खिलाड़ियों को हवाई अड्डे से वापस लौटा लिया था।

अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन का नजरिया किसी से छिपा नहीं है। वह अरुणाचल को भारत का हिस्सा नहीं मानता, बल्कि दक्षिणी तिब्बत के रूप में मान्यता देता है। पिछले महीने ही उसने जो अपना आधिकारिक नक्शा जारी किया, उसमें अरुणाचल प्रदेश, ताइवान, अक्साई चिन और विवादित दक्षिण चीन सागर को अपने हिस्से में दिखाया था।

हालांकि भारत ने उस नक्शे को खारिज कर दिया था, मगर चीन ने अब तक उसमें कोई बदलाव नहीं किया है। इससे पहले अप्रैल में उसने अरुणाचल की ग्यारह जगहों के नाम बदल दिए थे। इससे स्पष्ट है कि जिन तीन खिलाड़ियों को उसने एशियाई खेलों में हिस्सा लेने से रोक दिया, उसके पीछे उसका यही नजरिया है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अंग रहा है और रहेगा।

मगर इस प्रतिक्रिया का चीन पर कितना असर पड़ेगा, दावा नहीं किया जा सकता। जब अप्रैल में उसने अरुणाचल के ग्यारह स्थानों का नाम बदला था, तब भी भारत ने उसे उसकी पुरानी आदत कह कर नजरअंदाज करने की नसीहत दी थी। फिर नक्शे में बदलाव किया गया, तब भी ऐसी ही प्रतिक्रिया दी गई थी।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि चीन अरुणाचल, ताइवान आदि क्षेत्रों पर कब्जे का मौका तलाशता रहता है, मगर पिछले कुछ सालों में उसकी तरफ से किए गए प्रयासों के मद्देनजर अब इसे उसकी पुरानी आदत कह कर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत वाले हिस्से में सड़क, पुल, छावनी वगैरह बनाने और गश्ती बिंदुओं पर कब्जा जमाने को लेकर समझौते के प्रयास जारी हैं।

वह सीमा विवाद संबंधी बैठकों में हिस्सा लेकर उसे सुलझाने का भरोसा दिलाता तो दिखता है, मगर वास्तव में उसका इरादा अपने क्षेत्र के विस्तार का ही रहता है। हालांकि भारतीय सेना सीमाओं पर उसके अतिक्रमण की कोशिशों को नाकाम करती रही है, मगर जिस तरह अरुणाचल को लेकर उसकी हरकतें सामने आ रही हैं उसमें कड़े कूटनीतिक कदम उठाने की दरकार है।

## आर्य विद्वान डॉ. सत्यप्रकाश ( स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती )



अशोक मधुप


चारों वेदों का अंग्रेजी अनुवाद करने वाले पहले भारतीय देश के जाने माने रसायनविद और आर्य विद्वान डॉ. सत्यप्रकाश (स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती) का जन्म उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद के बिजनौर के आर्यसमाज के एक कक्ष में 24 सिंतबर 1905 हुआ था। उन्होंने जीवन का अधिकांश समय इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रसायन-विभाग के अध्यक्ष के रूप में बिताया। सेवानिवृत्ति के बाद वे आर्य संन्यासी हुए। आर्य विद्वान के रूप में अपनी पहचान बनाई। वेदों का अंग्रेजी में अनुवाद किया।

डॉ. सत्यप्रकाश के पिता पंडित गंगा प्रसाद उपाध्याय बिजनौर राजकीय इंटर कॉलेज में अंग्रेजी के शिक्षक थे। वे आर्य समाजी थे। इसीलिए बिजनौर आर्य समाज में बने एक कक्ष में रहते थे। आज यह कक्ष महिला आर्य समाज का भाग है। इसी में 24 सिंतबर 1905 को डॉ. सत्यप्रकाश सरस्वती का जन्म हुआ।पिता पंडित गंगा प्रसाद उपाध्याय के तबादले के बाद इनका परिवार इलाहाबाद चला गया। विद्वान डॉ. सत्यप्रकाश (स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती) की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हुई। 1930 में ये इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रसायन विभाग के प्रवक्ता नियुक्त हुए। आपने रसायन शास्त्र विभाग से फीजिको कैमिकल स्टेडीज आफँ इनओरगेनिक जेलीज (Physico chemical studies of inorganic jellies )विषय पर डी.एससी. की उपाधि 1932ई.में प्राप्त की।। 1962 में विभागाध्यक्ष बने। आपके निर्देशन में 22 विद्यार्थियों ने डी.फिल. की उपाधि प्राप्त की। आपके 150 से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हुए। पांच साल बाद 1967 में इस पद से सेवानिवृत्त हुए। इन्होंने 17 देशों की यात्राएं की। डॉ. सत्यप्रकाश सरस्वती का निधन 18 जनवरी 1995 को इनके प्रिय शिष्य पंडित दीनानाथ शास्त्री के आवास पर अमेठी में हुआ।

डॉ. सत्यप्रकाश सरस्वती ने सेवानिवृत्त होने पर संन्यास ले लिया और आर्य समाज इलाहाबाद के एक कक्ष में रहने लगे। अपने पिता पंडित गंगा प्रसाद की जन्मशती पर उन्होंने बिजनौर आर्य समाज में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती आए थे। छह सिंतबर 1981 को इन्होंने बिजनौर में भवन पर लगे पत्थर का अनावरण किया था।

स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती के शिष्य पंडित दीनानाथ ने अनुसार स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती ने अपने अध्यापन काल में 22 से ज्यादा छात्रों को डीफिल कराई। 150 से अधिक उनके शोध प्रकाशित हुए। अपने सेवाकाल में उन्होंने कई महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे।

विश्वविद्यालयों में विज्ञान की शिक्षा हेतु ऊँचे स्तर के ग्रन्थ अंग्रेजी में अधिकतर ब्रिटिश विज्ञान विशारदों द्वारा लिखित ही उपलब्ध होते थे। डॉ ? सत्यप्रकाश, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में अध्यापक होने के कारण भारतीय विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को भली-भाँति अनुभव करते थे। अत: उन्होंने इसे दृष्टि में रखते हुए अंग्रेजी में विज्ञान से संबद्ध कई उपयोगी ग्रन्थ लिखे जो इस दिशा में उत्कृष्ट उदाहरण उपस्थित करते हैं। भारत ने प्राचीन काल में विज्ञान की विविध विधाओं में अन्वेषण कर विस्मयकारी प्रगति प्राप्त की थी।



डॉ सत्यप्रकाश ने समर्पित भाव से अथक परिश्रम कर तत्कालीन साहित्य को नवजीवन दे पूर्णरूपेण प्रमाणित कर दिया कि यह देश विज्ञान के क्षेत्र में अन्य देशों की अपेक्षा सर्वाधिक अग्रणी एवं सर्वोपरि है। विज्ञान संबन्धी अनेक पुस्तकें स्वामी जी ने लिखी हैं जो विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में तथा शोधार्थियों के पाथेय बने हुए हैं।

विज्ञान नामक प्रसिद्ध हिन्दी पत्रिका ने दिसम्बर 1997 का अंक डॉ सत्यप्रकाश विशेषांक के रूप में निकाला था।फाउंडर ऑफ साइंसेस इन एंसिएंट इंडिया, कवांइस ऑफ एंसिएंट इंडिया, एडवांस केमिस्ट्री ऑफ रेयर एलीमेंट उनकी लिखी प्रमुख पुस्तक हैं। आर्य संन्यासी सन्यासी बनने पर उन्होंने आर्य समाज संबंधित साहित्य लिखा। अब तक वेदों को अंग्रेजी अनुवाद अंग्रेजों द्वारा किया गया था।

डॉ. सत्यप्रकाश सरस्वती ने अंग्रेजी में 26 खंडों में चारों वेदों का अनुवाद किया। इसके अलावा शतपथ ब्राह्मण की भूमिका, उपनिषदों की व्याख्या, योगभाष्य आदि साहित्य का सृजन किया। जितने विविध विषयों पर स्वामी सत्यप्रकाश जी का लेखन है शायद ही विश्व के किसी व्यक्ति ने इतना लिखा हो।

वेद, शुल्बसूत्र, ब्राह्मण ग्रन्थ, उपनिषद्, रसायन विज्ञान,भौतिक विज्ञान, अग्निहोत्र, अध्यात्म, धर्म, दर्शन, योग, आर्यसमाज, स्वामी दयानन्द, नवजागरण आदि विविध विषयों पर सैकड़ों ग्रन्थ और लेख स्वामी सत्यप्रकाश जी द्वारा लिखे गये।

आप 1942 ई. में स्वतन्त्रता आन्दोलन में जेल भी गये। शतपथ ब्राह्मण पर आपके द्वारा 700 पृष्ठों में भूमिका लिखी गई जो ग्रन्थ को समग्रता से समझने में बहुत सहायक है। आपने 17 से अधिक देशों की यात्रायें की।

अपने विषय में स्वामी जी ने लिखा है, मैं प्रातः सो कर उठता हूं। मैंने कार खरीदी, बेच दी, अब पैदल आने जाने का प्रयोग कर रहा हूं। मैंने डा. राम कृष्णन् (प्रसिद्ध वैज्ञानिक) के साथ कार्य किया। जेल में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के साथ रहा। मैंने हिन्दी में कम अंग्रेजी में अधिक लिखा है। मैंने विज्ञान के अध्ययन, अध्यापन और पुस्तकों के सम्पादन के साथ पुस्तकों पर पते चिपका कर उन्हें डाक से भेजने आदि का कार्य भी किया है।

सन् 1983 में तृतीय विश्व हिन्दी सम्मेलन में पुरस्कार हेतु जब आयोजन में उपस्थित स्वामीजी का मंच से नाम पुकारा गया तो स्वामी जी श्रोताओं के मध्य अपने स्थान पर ही बैठे रहे।

उन्हें मंच पर जाना था परन्तु वह नहीं गये। हिन्दी की प्रख्यात कवित्री डा. महादेवी वर्मा जी ने दूर बैठे स्वामी जी को देखा तो वह स्थिति समझ गईं। वह स्वंयं व अपने अन्य सहयोगियों के साथ मंच से उतर कर स्वामी जी के पास पहुंचीं और उन्हें वहीं सम्मानित किया।

स्वामीजी का मंच पर न आना संन्यास आश्रम की उच्च परम्परा का निर्वाह था। सन्यास आश्रम धर्म के पालन की एक घटना उनके अपने परिवार से जुड़ी है। प्रो. धर्मवीर अजमेर ने लिखा है कि स्वामीजी महाराज कहीं बाहर से दिल्ली पधारे। उनके पुत्र दिल्ली में कार्यरत थे। उन्हें कोई सूचना देनी थी। स्वामीजी महाराज ने अपने पुत्र के कार्यालय में दूरभाष किया, विदित हुआ कि पुत्र घर गये हैं। पुत्र के निवास पर दूरभाष किया तो पता चला कि वह बीमार है, उन्हें हार्ट अटैक हुआ था। थोड़ी देर बाद पता चला कि पुत्र दिवंगत हो गये। स्वामीजी ने किसी से चर्चा नहीं की, कोई दुःख व्यक्त नहीं किया और न घर जाकर अन्त्येष्टि में शामिल ही हुए।

दयानन्द संस्थान, दिल्ली के अध्यक्ष महात्मा वेदभिक्षु से उनका बड़ा स्नेह था। उनसे दूरभाष पर सम्पर्क किया। कहने लगे आज आपसे बात करने की इच्छा हो रही है, मेरे कमरे में आ जाओ। दिन भर उनके साथ इधर -उधर की चर्चा करते रहे। पुत्र की अन्त्येष्टि के दो तीन दिन बाद पुत्र वधु स्वामीजी महाराज के पास आई तो स्वामी जी कुछ देर बात करने के बाद उनसे बोले कि ईश्वर की इच्छा, जो होना था हो गया, अब तुम अपना काम देखो, मैं अपना काम देखता हूं।

मृत्यु से पूर्व स्वामीजी के अमेठी निवासी शिष्य श्री दीनानाथ सिंह एवं उनके परिवार ने रूग्णावस्था में उनकी जो सेवा-सुश्रुषा की वह सराहनीय एवं अनुकरणीय थी। श्री सत्यदेव सैनी, लखनऊ व उनका परिवार स्वामीजी का भक्त रहा है। मृत्यु से कुछ ही दिन पूर्व लखनऊ में चिकित्सा कराकर अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर स्वामीजी कुछ देर सैनीजी के परिवार में रूके व सभी सदस्यों से मिल कर अमेठी गये थे। 18 जनवरी सन् 1995 को 90 वर्षीय स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती अनन्त यात्रा पर निकल गए।

## जल प्रलय और भूकंप के झटके मानवीय अति का परिणाम

हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है।देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली ,गुजरात ,महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है। इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानी की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की हैद्य शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फल स्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है।देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 जीवन काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे। ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला हैद्य जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए।

## आज की कविता या कविता का आज

आज की कविता या कविता का आज
शब्द भी सीधे सपाट बढ़ते जाते हैं
रुकते नहीं,
नदिया भी निर्झरिणी की तरह
बलखाती, लहराती, खिलखिलाती
बहती है,
रुकती नहीं निर्बाध,बहती जाती है
समंदर में समूचा विलीन होने तक,
इसी तरह कविता भी पल्लवित पुष्पित
होती जाती है, खंडकाव्य होने तक,
पल प्रति पल की कविता. या कविता
का प्रति पल
भी इसी तरह होते हैं
मेरे घर की सीढ़ीयाँ भी
ऊपर की जाती है
नीचे क्यों कर नहीं आती,
शब्द भी इसी तरह अंतरिक्ष में चले
जाते लौटकर नहीं आते
जाते हैं,
कविता,दोहा,चौपाई,और छंद बनकर,
कविता का आज,
आज की कविता भी
इसी तरह की होती है,
ऊपर जाती है सीढ़ियां संदेश बनकर
फिर लौटकर कोई नहीं आती
कोई न कविता न सीढ़ियां,
बस चलती जाती है
बहती जाती है
मेरे विचारों की तरह।
संजीवनी बन कर।



संजीव ठाकुर
रायपुर

## जी-4 देशों की संयुक्त राष्ट्र को चेतावनी



भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाने अनेक देशों ने हामीं भरी - पांच देशों के वीटो पावर पर पुनर्विचार करने की जरूरत समय की मांग - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरे विश्व के ढांचे, अर्थव्यवस्था पावर जनसंख्यकीय तंत्र सहित हर क्षेत्र में अनेकों बदलाव आ गए हैं, इसलिए हम समय के साथ बदलते हुए वर्तमान स्थिति के परिपेक्ष में हर अंतरराष्ट्रीय संगठनों, संस्थाओं के परिवर्तन उसमें हिस्सेदारी बढ़ाने की जरूरत है। समय अनुसार परिपक्व, पावर और बौद्धिक क्षमता वाले देशों को उसके अनुरूप पद और पावर देने की जरूरत है ताकि विश्व का कल्याण, मानव कल्याण के प्रति सारे संसार में एक स्वस्थ्य मैसेज आए परंतु हम देख रहे हैं कि दशकों से खासकर संयुक्त राष्ट्र में परिवर्तन नहीं हो रहा है जिसके 193 से अधिक सदस्य देश हैं।जी हां !हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद(यूएनएससी) की बात कर रहे हैं।वर्षों से हम देख रहे हैं कि भारत इसकी सदस्यता के लिए योग्य हो चुका है परंतु हर बार चीन वीटो पावर का इस्तेमाल कर भारत को रोक देता है, इसके समाधान में अब पूरे विश्व को एक साथ आने की जरूरत है। 19 -26 सितंबर 2023 तक शुरू संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में भी यह बात जोरों से उठ रही है जिसमें भारत की तारीफ़ की जा रही है। बता दे दिनांक 22 सितंबर 2023 को अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को एंन टाइम पर वीजा देने पर रोक लगा दी है, जिसका भारत ने विरोध किया है और हमारे माननीय सूचना प्रसारण मंत्री ने चीन एशियाई खेलों में जाने का अपना दौरा स्थगित कर दिया है। बता दें भारतीय विदेश मंत्री 26 सितंबर 2023 को 78 वें सत्र में भारतीय प्रतिमाधि मंडल का नेतृत्व करेंगे और ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप ग्लोबल साउथ के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र विकास के लिए वितरण कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। वहीं जी-4 देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा को एक चेतावनी दी है, जिसमें भारत जापान जर्मनी ब्राजील को यूएनएससी का सदस्य बनाया जाए। बता दें 45 वर्षों से संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में (1) महासभा (2) सुरक्षा परिषद (3) आर्थिक और सामाजिक परिषद (4) ट्रस्टीशिप परिषद (5) अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (6) सचिवालय है।इनमें भारत सहित जी-4 के देश यूएनएससी में सदस्य बनने के बिल्कुल योग्य हैं परंतु पांच देशों में से कोई भी वीटो लगाकर नए सदस्य बनने से रोक देता है। चूंकि इस बार 78 वें अधिवेशन में जी4 देशों ने चेतावनी दी है, इसीलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकलके माध्यम से हम चर्चा करेंगे,भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाने अनेक देशों ने हामी भरी है।पांच देशों के वीटो पावर पर पुनर्विचार करने की जरूर समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम जी4 देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र को चेतावनी देने की करें तो, जी4 मंत्रियों के जारी संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा गया, मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय शासकीय ढांचों का भविष्य उनके अनुकूल और उद्देश्य के लिए यथोचित बने रहने की उनकी क्षमता पर निर्भर करता है। यूएनएससी में सुधार में जितना लंबा वक्त लगेगा, उतना ही इसका प्रभाव सवालों के घेरे में आएगा। जी4 देशों के मंत्रियों ने यूएनजीए के आगामी 78वें सत्र में इस मुद्दे पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता जताई और निश्चित समय-सीमा में ठोस परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से सभी सदस्य देशों के साथ संवाद बढ़ाने पर सहमति जताई।संयुक्त राष्ट्र के वजूद पर भारत हमेशा से ही लगातारनिशाना साधता रहा है। कई मौकों पर यूनाइटेड नेशन असहाय ही नजर आया है। पीएम ने यूएन में अपने संबोधनों में भी संयुक्त राष्ट्र में समय के साथ आमूलचूल परिवर्तन लाने की बात कही है। समय के साथ वही पुराना ढर्रा और वही 5 स्थाई देशों की सदस्यता के कारण यूएन अपने समय से आगे नहीं बढ़ पाया है। भारत ने कई मौकों पर दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का देश होने के नाते स्थाई सदस्यता की बात पुरजोर तरीके से कही है। इस बार भारत ने यूएनएससी में सुधार नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है। जी4 समूह के सदस्य देशों- ब्राजील,जर्मनी, जापान और भारत ने चेतावनी दी है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में जितना लंबा वक्त लगेगा, उतने ही इसके प्रभावों को लेकर सवाल खड़े होंगे।इन देशों ने अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) के मामलों में सार्थक संवाद की कमी पर भी चिंता जताई। जी4 देश लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि उन्?हें स्?थायी सदस्?य बनाया जाए, लेकिन अभी तक 5 स्?थायी देशों ने इस द?िशा में कोई कदम नहीं बढ़ाया है। ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र से इतर गुरुवार को मुलाकात की।यूक्रेन के राष्ट्रपति ने यूएन सुरक्षा परिषद का विस्तार किए जाने और इसके स्थाई सदस्यों को हासिल वीटो के अधिकार में सुधार किए जाने की पुकार लगाई है। उन्होंने सुरक्षा परिषद को, यूएन मुख्यालय में पहली बार बुधवार को व्यक्तिगत मौजूदगी के साथ सम्बोधित किया है।

साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78 वें सत्र की करें तो, न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में यूएन महासभा के 78वें सत्र में उच्चस्तरीय बहस में हिस्सा लेने के लिए विश्व भर से नेतागण, व्यापारिक दिग्गज और विशेषज्ञ पहुँचे हैं। जलवायु न्याय की प्राप्ति के लिए जलवायु महत्वाकांक्षा शिखर सम्मेलन हो या टिकाऊ विकास पर उच्चस्तरीय राजनैतिक फ़ोरम में 17 लक्ष्यों के एजेंडा को साकार करने की कार्रवाई में तेज़ी लाने के इरादे से एक राजनैतिक घोषणा-पत्र पारित करना हो, विश्व के बेहतर भविष्य की लड़ाई को आगे बढ़ाने में ठोस क़दम उठाने की पुकार लगाई गई हैं। भावी महामारियों के रोकथाम प्रयास एक अहम पड़ाव पर, ऐतिहासिक घोषणा-पत्र% पारित हुआ

डब्ल्यूएचओ ने विश्व नेताओं के उस ऐतिहासिक संकल्प का स्वागत किया है, जोकि कोविड-19 जैसी स्वास्थ्य चुनौतियों के विनाशकारी स्वास्थ्य व सामाजिक-आर्थिक नतीजों की रोकथाम करने और भावी महामारियों से आम लोगों की रक्षा करने पर लक्षित है। इस क्रम में, अन्तरराष्ट्रीय सहयोग और निवेश बढ़ाने पर बल दिया गया है।संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने उच्च स्तरीय 78वीं जनरल डिबेट का उदघाटन करते हुए कहा था कि दशकों के दौरान हासिल की गई प्रगति को उलट देने का जोखिम उत्पन्न करने वाले अनेक संकटों को देखते हुए, वैश्विक एकता और एकजुटता की सख़्त ज़रूरत है।अधिवेशन में भारत समेत कई देशों द्वारा ग्लोबल साउथ की चिंता, सतत विकास वृद्धि, जलवायु कार्रवाई, अंतर्राष्ट्रीय निगम और वैश्विक स्वास्थ्य जैसे व्यापक मुद्दों पर चर्चा हो रही है।संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में आज की दुनिया के अनुरूप और समानता के आधार पर सुधार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह 15 सदस्यीय निकाय 1945 की राजनीतिक और आर्थिकवास्तविकताओं को दिखाता है और इसे हल करने के बजाय समस्या का हिस्सा बनने का जोखिम है। विश्व नेताओं से कहा, हमारी दुनिया निर्जन होती जा रही है। भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है। वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं। हम जवाब देने के लिए एक साथ आने में असमर्थ प्रतीत होते हैं।उन्होंने कहा कि दुनिया जलवायु संकट से लेकर विघटनकारी प्रौद्योगिकियों तक अस्तित्व संबंधी कई खतरों का सामना

## शार्ट न्यूज

### डीसीएम टकरायी खंभे से, दो की मौत

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के सैनिक थाना क्षेत्र में आज कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग अनियंत्रित होकर एक डीसीएम बिजली के खंभे से टकरा गई जिसमें चालक और क्लीनर की मौके पर ही मृत्यु हो गई । सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सब इंस्पेक्टर आत्माराम ने बताया कि इस दुर्घटना में एटा जनपद निवासी डीसीएम चालक ध्यान पाल ( 59 )और उसके भतीजे सुरजीत की मौत हो गयी है। यह दोनों डीसीएम लेकर कानपुर की ओर से प्रयागराज की ओर जा रहे थे जैसे ही गुलामी पुर के बीओबी बैंक के सामने पहुंचे तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर से लगे हुए विद्युत पोल से टकरा गई। इस दुर्घटना में चाचा भतीजा की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### बस्ती में बनेगी पांच रिपोर्टिंग पुलिस चौकी

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में पांच रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पुलिस विभाग के सबसे महत्वपूर्ण केन्द्र पुलिस थाने होते हैं। इन थानों के कार्यभार को कम करने और घटनाओं पर तत्परता से काम करने के लिए उमरिया, महसो, कुदरहा, असनहरा तथा विक्रमजोत को रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है जैसे ही स्वीकृती मिलेगी तुरन्त कार्य शुरू करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इससे लोगो को पुलिस से सम्बंधित सभी आवश्यकताएं रिपोर्टिंग पुलिस चौकी पर ही पूरी हो जायेंगी। इन चौकियों को एफआईआर दर्ज करने का अधिकार दिया जायेगा कोई भी पीड़ित वादी,शिकायतकर्ता यहां जाकर अपनी प्राथमिकी दर्ज कर सकता है। इससे उसको थाने पर जाने की आवश्यकता नही होगी।

### परिवार में मारपीट के दौरान एक बुर्जुग की मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के महराजगंज इलाके में शनिवार सुबह परिवार में आपसी मारपीट के दौरान एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह करीब 05 बजे महराजगंज इलाके के गांव पूरे गुरूदत्त सिंह मे एक ही परिवार में आपस मे किसी बात को लेकर मारपीट होने लगी जिसमे एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को गंभीर चोट आ गयी। परिजनों ने बुजुर्ग लालबहादुर पाल को अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान लालबहादुर की मौत हो गयी। इसकी सूचना परिवार के एक पक्ष ने थाने पर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर दी गयी है जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। झगड़े और मारपीट के पीछे मामूली नाली का विवाद बताया जाता है। मारपीट करने वाले दोनो पक्ष आपस मे चाचा और भतीजे बताए गए हैं।

### ललितपुर में पंचायत सचिव सस्पेंड

ललितपुर। ललितपुर जिले के विकास खण्ड बार की ग्राम पंचायत देवरान में स्थित गौवंश आश्रय स्थल में पशुओं को चारा व भूसा नहीं मिलने का वीडियो वायरल होने के कराई जांच में मामला सही पाए जाने पर जिलाधिकारी के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय ने सचिव को निलंबित करते हुए यहां पर तैनात पैरावेट को हटाया है। इसके अलावा ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही साथ पशु चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रतिवृष्टि जारी की है। मुख्य विकास अधिकारी की इस कार्रवाई से गौशाला संचालकों में हड़कम्प मच गया है। एक सप्ताह पहले ग्राम देवरान स्थित गौशाला का एक वीडियो वायरल हुआ था ,जिसमें भूसा के अभाव में जानवरों के बीमार होने व में अधिकत्तर गौवंश घायल पड़े होने की जानकारी दी गई थी । जिसके बाद जिलाधिकारी ने मामले की जांच जिला विकास अधिकारी को सौंपी थी। जांच में पाया गया था कि पशुओं को भूसा डालने वाली नाद काफी गहरी होने के कारण भूसा जमीन पर डाला जाता है। मौके पर कुछ गौवंश बीमार पाए गये। जिनका उपचार न होने के कारण उनकी हालत गंभीर बनी हुयी है।

### पुलिस ने बरामद किए 82 मोबाइल

**संभल।** संभल पुलिस की सर्विलांस टीम ने 82 लोगों के मोबाइल बरामद करने के बाद उन्हें सौंपे है। पुलिस ने मोबाइल बरामद कर लोगों के चेहरे पर खुशी लौटाई है। एसपी ने बताया कि सर्वे लास्ट टीम द्वारा बरामद किए गए 82 मोबाइल की कीमत लगभग 12 लाख 50 हजार रुपए है। शनिवार को जनपद संभल की सर्विलांस टीम 82 लोगों के मोबाइलों को बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के दिशा निर्देश में सर्विलांस टीम ने एक अभियान चलाया। जिसमें जनपद संभल गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से कुल 82 मोबाइलों को बरामद किया है। मोबाइलों को बरामद करने के बाद सर्विलांस टीम ने उनके ऑनर से बातचीत कर मोबाइल की पुष्टि की। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद सर्विलांस टीम ने जनपद के बहजोई अस्थाई मुख्यालय सभागार में सभी मोबाइल धारकों को एकत्र किया, जहाँ पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के बरामद हुए मोबाइल उनके धारकों को सौंप दिए गए। वीवो 21, ओप्पो 18, सैमसँग 14, रियलमी 14, टेक्नो 06, इंफीनिक्स 05, रेडमी 02, मोटो व वन प्लस का 01-01 सहित कुल 82 मोबाइल बरामद किए गए है।

### उन्नाव में सई नदी में डूबे अध्यापक व छात्र

**हसनगंज।** उन्नाव में हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मोहान स्थित एएलवाई मैनपुरिया इंटर कॉलेज के 100 से अधिक छात्र व टीचर्स सई नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जन करने के लिए आए थे। मूर्ति विसर्जन के दौरान एक छात्र व टीचर की डूबने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस प्रशासन से लेकर तहसील प्रशासन मौजूद है। 2 घंटे बाद दोनों के शव मिल गए। कस्बा मोहान के पास स्थित एएलवाई मैनपुरिया इंटर कॉलेज के एक सैकड़ा से अधिक छात्र व टीचर शनिवार दोपहर को गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए जलेस्वर नाथ मंदिर स्थित सई नदी पर आए थे। तेज बहाव होने के कारण टीचर अभिषेक निवासी बुद्धेश्वर लखनऊ व हरदोई के मल्लावां निवासी क्लास 12 का छात्र जयवीर यादव गहरे पानी में जाने से डूब गए। आसपास के ग्रामीण नदी में शव ढूंढ़ने का प्रयास कर रहे थे। घटना की जानकारी होने पर एसडीएम नवीन चंद्र व क्षेत्राधिकार संतोष सिंह मौके पर पहुंचे। तेज बहाव होने के बावजूद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतजाम नहीं किए थे। ना ही किसी भी प्रकार का पुलिस फोर्स मौजूद था। बाद में दोनों के शव मिल गए।

### रेलवे ट्रैक किनारे युवक का मिला शव

उन्नाव। उन्नाव के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में धोबिन पुलिया के पास रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव मिला। वहीं लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को घटना की जानकारी दी। सूचना पर गंगाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। लखनऊ-कानपुर रेल रूट के गंगाघाट रेलवे स्टेशन के समीप स्थित धोबिन पुलिया के पास ओएचई पोल संख्या 65/12 व 65/14 के बीच शव पड़े होने की सूचना पर गंगाघाट के पश्चिमी चौकी इंचार्ज जीपी रमन मौके पर पहुंचे। जहां युवक के पास से मिले डॉक्यूमेंट के आधार पर पारिवारिजनों से संपर्क किया, तो ज्ञात हुआ मृतक राहुल श्रीवास्तव पुत्र स्व. अशोक कुमार श्रीवास्तव निवासी गणपति बिहार मुन्नू खेडा थाना पारा लखनऊ का निवासी है। मां ने बताया कि उसका बेटा गाजियाबाद में प्राइवेट जॉब करता था। शनिवार को वह गोमती एक्सप्रेस ट्रेन से घर लौट रहा था। पुलिस की प्राथमिक जांच पड़ताल में ट्रेन से गिरने के कारण मौत होना बताया जा रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। गोपीनाथपुरम के सामने बीते दिन शुक्रवार सुबह सवा ग्यारह बजे डाउन लाइन से जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस आगरा-लखनऊ ने एक 35 वर्षीय युवक को पोल 66/12 तथा 66/14 के मध्य टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट ने मगरवारा रेलवे स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जिस पर गंगाघाट स्टेशन मास्टर को अवगत कराया गया।

# खेल और खिलाड़ियों को लेकर लोगों की धारणा में बदलाव आया है : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी गंजारी में जनसभा को किया संबोधित

**वाराणसी।** पिछले साढ़े 9 वर्ष के दौरान दुनिया की सबसे प्राचीन सांस्कृतिक आध्यात्मिक नगरी अविनाशी काशी में समग्र विकास हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी ने जिन ऊंचाइयों को छुआ है उसे देश ही नहीं पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक बार फिर अनेक उपहारों के साथ काशी आए हैं।



पहली बार उत्तर प्रदेश में बीसीसीआई द्वारा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। खेल और खिलाड़ियों को लेकर आज लोगों की धारणा में बदलाव आया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंजारी स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान के आधारशिला समारोह के दौरान कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश के दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों का मुख्यमंत्री ने काशी की धरती पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि जी-20 की अभूतपूर्व सफलता के उपरांत अनेक उपलब्धियों के साथ प्रधानमंत्री का आज उनकी अपनी काशी में आगमन हुआ है। इस अवसर पर यूपी सरकार और काशी वासियों की ओर से उनका हृदय से स्वागत अभिनंदन करता हूं। जी-20 के दौरान ग्लोबल लीडर्स ने भारत के सामर्थ्य और शक्ति को नजदीक से देखा है। यही नहीं वसुधैव कुटुम्बकम के अनुरूप ग्लोबल लीडर्स की उपस्थिति में भारत की 140 करोड़ जनता ने देश को वैश्विक ताकत के रूप में उभरते हुए अनुभव किया है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावास्कर, कपिल देव, गोडप्पा विश्वनाथ, सचिन तेंदूलकर, रवि शास्त्री, दिलीप वेंगसरकर, मदन लाल, गोपाल शर्मा, नीतू डेविड, शुभांगी कुलकर्णी का काशी में स्वागत करते हुए कहा कि इन सभी ने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाई प्रदान करने और क्रिकेट के जुनून को घर घर तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने बीसीसीआई चेयरमैन रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का अभिनंदन करते हुए कहा कि इन सभी ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण में विशेष रुचि दिखाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 साल के दौरान हमने पूरे देश में एक नई कार्य संस्कृति को देखा है। हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता ने देश में खेल और खिलाड़ियों को लेकर लोगों की धारणा में बदलाव किया है।

## लंपी वायरस के लिए कुशीनगर जिले में बनाई गई 14 सर्विलांस टीमें

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में सरकारी सूचना के अनुसार 141 गोवंश लंपी वायरस की चपेट में हैं जबकि 14 गोवंशियों की अब तक मौत हो चुकी है।




गोवंशीय पशुओं में लंपी वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए कल जिला के मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने पशुपालन विभाग के कर्मियों की बैठक ली, जिसमें इस बीमारी के बचाव हेतु तात्कालिक प्रकिया अपनाने पर बल दिया गया और बड़े स्तर पर बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। जनपद की सीमाएं सील कर दी गई हैं। शासन की तरफ से खासतौर पर अपील की गई है कि यहां से न कोई पशु बाहर जाने पाए और न ही बाहर के पशु जिले में आएं। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

वही वास्तविक लंपी वायरस के चपेट में लगभग तीन सौ से ऊपर गोवंशीय पशु इस बीमारी से ग्रसित है। ब्लॉक स्तर पर 14 सर्विलांस टीमें बनाई गई हैं। जो अपने क्षेत्र के गांवों में भ्रमण कर लंपी वायरस से संक्रमित पशुओं का इलाज कराएंगी। जो चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में कार्य कर रही हैं। इसके अलावा तीन मोबाइल वेटनरी एंबुलेंस भी संचालित की जा रही हैं।

मौजूदा समय में कुशीनगर जिले में 1,65,224 गोवंशीय पशु हैं। लंपी वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए पशुओं के टीकाकरण पर जोर दिया जा रहा है। कुल 1,40,440 पशुओं को इस वायरस का टीका लगाने का लक्ष्य था। इसके लिए 1.40 लाख डोज वैक्सीन प्राप्त हुई। इनमें से 1,16,300 पशुओं को टीका लगाया जा चुका है।

## दोस्त को गांव में बुलाकर कर दी हत्या

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना फरिहा क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात में एक युवक के अपने दोस्त को गांव बुलाकर गोली मारकर उसकी हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अधिकारियो ने मौके पर पहुंचकर हत्याकांड के साक्ष्य जुटाकर हत्या आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, हत्या आरोपी युवक फरार है। थाना नारखी क्षेत्र के गांव वजीरपुर कोटला निवासी युवक पूरन सिंह कुशवाहा जो पलंबर का काम करता है,उसकी हत्या कर दी गयी है। देर शाम शुक्रवार को पूरन सिंह के दोस्त नरेश यादव निवासी गांव वदनपुर थाना क्षेत्र फरिहा ने फोन करके उसे अपने गांव बुलाया गया था। बताया गया है कि पूरन सिंह जब दोस्त नरेश के गांव पहुंचा था तब आपस में दोनों के बीच




किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि नरेश द्वारा पूरन के सीने में गोली उतार दी गई। गोली लगते ही पूरन सिंह (38) वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। हत्याकांड से गांव में भी सनसनी फैल गई और हत्या आरोपी नरेश मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि नरेश शराब के नशे में था। हत्याकांड की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस बल और सी ओ राजवीर सिंह तथा पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए। डॉग स्क्वायड का फॉरेंसिक टीम के माध्यम से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर घटना के साक्ष्यो को एकत्रित किया गया है।

### बेटे ने लाठी डंडों से पीटकर की पिता की हत्या

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में रिश्तों की शर्मसार करने वाली घटना में एक पुत्र ने बुजुर्ग पिता की लाठी डंडा व धारदार हथियार से पीट कर हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली अंतू के शुकुल पुर गांव के रहने वाले जगदंबा प्रसाद शुक्ल (80) के तीन बेटे है है , आरोप है कि उनमें से एक बेटा विनोद शराब पीता है कल शुक्रवार की रात में विनोद शराब पीकर अपने घर पर पहुंचा तो किसी बात को लेकर पिता से विवाद हो गया उसके बाद उसके बाद विनोद ने अपने पिता जगदंबा प्रसाद की लाठी डंडा व धारदार हथियार से पीट पीट कर हत्या कर दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने विनोद को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ कर रही है ,पुलिस के अनुसार शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिये भेजा गया है ।

## बरसाना में 2 लाख की भीड़, 2 श्रद्धालुओं की मौत

### एक को हाई शुगर, दूसरे को हार्टअटैक...कई बेहोश

**मथुरा।** मथुरा के बरसाना में राधाष्टमी के दौरान दर्शन करने आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। शनिवार सुबह लाडली जी के मंदिर में अभिषेक-पूजन का कार्यक्रम हो रहा था। करीब 2 लाख भक्त दर्शन के लिए बरसाना पहुंचे हैं। इसी दौरान लाडली जी के मंदिर की सीढ़ियों पर एक बुजुर्ग महिला बेहोश हो गईं। उन्हें सीएचसी लाया गया। वहां उनकी मौत हो गई।

वहीं, बरसाना के सुदामा चौक पर भी एक बुजुर्ग की मौत हो गई। उनकी पहचान नहीं हो सकी है। इसके अलावा, लाडली जी के मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भारी संख्या में भक्त पहुंचे हैं। भारी भीड़ और गर्मी के कारण कुछ लोग रात में बेहोश हो गए। उन्हें लोग भीड़ के बीच से निकालकर अस्पताल लेकर गए।



#### रात में ही आने लगे थे भक्त, इंतजाम हुए नाकाफी

शनिवार यानी 23 सितंबर को राधाष्टमी का पर्व बरसाना में मनाया जा रहा है। मथुरा-वृंदावन में देशभर से श्रद्धालु कल रात से ही पहुंचना शुरू हो गए। शनिवार सुबह करीब 4 बजे राधाजी जन्म के साथ उनका अभिषेक किया गया। इस दौरान यहां भीड़ का दबाव काफी ज्यादा हो गया। अनुमान है कि करीब 2 लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं। हालांकि, भीड़ के कारण मौत की बात को प्रशासन से खारिज किया है। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी भक्त की भीड़ के दबाव में मौत नहीं हुई है। एक बुजुर्ग महिला, जिनका शुगर लेवल हाई हो गया था। वो धर्मशाला में ठहरी हुई थीं। बिना कुछ खाए-पिए उन्होंने दवा ली थी। इसके बाद उनकी मौत हो गई। वहीं, दूसरे बुजुर्ग को हार्टअटैक आया था। जब उनकी मौत हुई। वह चबूतरे पर बैठे थे।

## माफिया अतीक और अशरफ का गुर्गा अतिन जफर भेजा गया जेल

**बरेली।** माफिया अतीक और अशरफ के गुर्गे अतिन जफर को बरेली थाना बिथरी पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया । संबंधित कोर्ट ने माफिया के गुर्गे को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

जफर को बरेली पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया था। थाना बिथरी पुलिस उसे शुक्रवार देर रात प्रयागराज से बरेली लाया गया। माफिया के गुर्गे के खिलाफ बीते दिनों कोर्ट ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। जिसके बाद बिथरी पुलिस वारंट लेकर प्रयागराज पहुंची थी।

बीते मार्च में बिथरीचैनपुर में अतीक अशरफ के साले सद्दाम, लल्ला गद्दी, अतिन जफर समेत कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि जेल में अतीक अशरफ को वीआईपी ट्रीटमेंट दिलवाने में सभी का हाथ था। इस मामले में पुलिस ने लल्ला गद्दी समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन जफर इसके बाद से ही फरार था। कोर्ट ने अतिन जफर और गुड्डू बमबाज का गैर जमानती वारंट जारी किया था, जिसके बाद बिथरी पुलिस वारंट तामील कराने प्रयागराज गई थी।

बताया जाता है कि पुलिस ने वारंट चस्पा कर वहां से लौट आने का नाटक किया था। जफर को लगा कि पुलिस वापस लौट गई है। जैसे ही वह अपने घर पहुंचा बरेली पुलिस ने प्रयागराज पुलिस के सहयोग से उसे दबोच लिया।

जिसके बाद जफर को देर रात बरेली लाया गया है। बिथरी पुलिस ने सुबह लिखा-पढ़ी कर कोर्ट में पेश किया। मेडिकल कराया। संबंधित कोर्ट ने माफिया के गुर्गे को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बताया जाता है माफिया गुर्गा अतिन जफर का नाम एफआईआर में नहीं था लेकिन विवेचना में सामने आया था।

### नहर टूटी, किसानों में मचा हड़कंप

गाजीपुर। गाजीपुर में नहर टूटने से कई बीघा फसल जलमग्न हो गई। सेवराई तहसील क्षेत्र के उसिया और रक्सहा गांव के किसानों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची सिंचाई विभाग की टीम मरम्मत कार्य मे जुटी है। जानकारी अनुसार चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल जमानिया से संचालित मुख्य नहर दिलदारनगर से आगे रक्सहा गांव के समीप आज अचानक टूट गई। देखते ही देखते पानी तेज रफ्तार के साथ सैकड़ो बीघा की फसल को अपनी आगोश में ले लिया। मामले की जानकारी होते ही सम्बन्धित किसानों में हड़कंप मच गया। उन्होंने संबंधित अधिकारीयो एवं कर्मचारियों को फोनकर घटना से अवगत कराया।

### मॉल कर्मी से गैंगरेप का चौथा आरोपी अरेस्ट



**कानपुर।** कानपुर सेन पश्चमि पारा थाना क्षेत्र में हुए युवती से गैंगरेप के चौथे आरोपी को भी शनिवार को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने गैंगरेप की बात स्वीकार की है। पूछताछ के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। जबकि गैंगरेप के तीन आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। थाना सेन पश्चिम पारा एसओ पवन कुमार ने बताया कि 17 सितंबर को फत्तेपुर में मॉल कर्मी से गैंगरेप हुआ था। वह अपने सहकर्मी के साथ बाइक से घर जा रही थी। फत्तेपुर में सूनसान सड़क पर गांव के रहने वाले चार युवकों देवीदीन, अभिषेक उर्फ नन्नू, संदीप चुक और मनोज कुमार ने लूट के इरादे से बाइक सवार को रोका था। पुलिस मामले का खुलासा करने के साथ ही तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। अब चौथे आरोपी मनोज कुमार को शनिवार को अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में मनोज ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद युवती से उसके दोस्त के सामने ही गैंगरेप किया था। युवती और उसका दोस्त चीख-चीख कर छोड़ने की गुहार लगाते रहे लेकिन छोड़ा नहीं। करीब एक घंटे तक बंधक बनाकर गैंगरेप करते रहे।

### मऊ में आबकारी विभाग ने की छापेमारी

मऊ। मऊ में अवैध शराब बिक्री का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। ईंट भट्ठों समेत अन्य संदिग्ध स्थानों पर आबकारी विभाग की टीम पहुंचकर छापेमारी कर रही है। मुखबिर से सूचना मिलने पर आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत सरायमेवागिरी में ईंट भट्ठों पर छापेमारी की गई। जहां भारी मात्रा में अवैध शराब और लहन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम के निर्देशन में मधुबन आबकारी निरीक्षक की टीम द्वारा सरायमेवागिरी में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके पर 60 लीटर से अधिक अवैध शराब और 200 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। मौके से तीन को गिरफ्तार भी किया गया है। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया है। ईंट भट्ठों समेत अन्य कई जगहों पर भी छापेमारी की गई। लेकिन वहां से कोई सफलता हाथ नहीं लगी। आबकारी निरीक्षक विमलेश यादव ने बताया कि जनपद में अवैध शराब बनाने और बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

## बागपत में 2 गाड़ियों से भारी मात्रा में विस्फोटक-पदार्थ बरामद

### पुलिस ने 4 तस्करों को किया गिरफ्तार, बागपत से दिल्ली की तरफ जा रहे थे

**बागपत।** बागपत की खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध विस्फोटक सामग्री की तस्करी कर रहे 4 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो गाड़ियों में अवैध विस्फोटक सामग्री ले जा रहे थे। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है और उनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर साकरोद मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। बागपत से दिल्ली की तरफ जा रही कार और



पिकअप को पुलिस ने संदिग्ध नजर आने पर रोक लिया। जिसकी तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद हुई और 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त सलमान और ब्रह्मपाल निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है वहीं उनके दो साथी सलमान और इस्माइल निवासी बागपत को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 25 पेटी अवैध पटाखे, एक वेट कांटा, एक दाब मशीन,दो लकड़ी के गुटके, एक तराजू दो बाट,एक टेप मशीन, 4 डाई, पांच लोहे की रोड, 5 टेप मशीन, पटाखे बनाने के अन्य उपकरण और आधे बने हुए पटाखे एक पिकअप गाड़ी और एक कार बरामद हुई है

#### भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद

खेकड़ा कोतवाली प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि अवैध विस्फोटक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

## बदायूं में लापता युवक का 5वें दिन मिला कंकाल

**बदायूं।** बदायूं में चार दिन से लापता युवक की कंकालनुमा सड़ी हुई लाश पांचवें दिन शनिवार को झाड़ियों में छिपी मिली। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

वहीं पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि युवक शराबी किस्म का था। संभवत: नशे के कारण वह झाड़ियों में गिरा है। उझानी कोतवाली इलाके के गांव पीरबद्दू निवासी बालकराम का बेटा उमेश (35) 18 सितंबर की रात घर से खेत की रखवाली को गया था। जबकि इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

परिजन उसकी तलाश में खेत में पहुंचे लेकिन वहां उसकी लाठी व चप्पलें पड़ी मिलीं लेकिन युवक का कोई पता नहीं लगा। काफी खोजबीन के बाद कोई पता न लगने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। परिवार वाले लगातार रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उमेश की जानकारी जुटा रहे थे। इधर, शनिवार सुबह उसका लोअर खेत में झाड़ियों के पास मिला।

परिजन पहुंचे और गांव वालों की मदद से तलाश की तो कुछ दूरी पर टीशर्ट भी पड़ी मिली। जबकि और छानबीन की तो झाड़ियों में उसकी कंकालनुमा लाश पड़ी मिली। शव का काफी हिस्सा गल चुका था। यह देख परिवार वालों ने हत्या कर लाश झाड़ियों में फेंके जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। हालांकि किसी से रंजिश की बात से परिजनों ने इंकार किया है। इधर, एसएचओ उझानी मनोज कुमार ने बताया कि युवक शराबी किस्म का था।

संभवत: वह नशे में झाड़ियों में गिर गया होगा और मौत होने के बाद जंगली जानवर शव खा गए होंगे। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### सोनभद्र में बेकाबू ऑटो पलटा

सोनभद्र। सोनभद्र के दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के डूमरडीहा गांव में दिव्यांग स्कूल मोड़ के पास सुबह बाइक को बचाने में एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ऑटो पर सवार चार स्कूली छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें दुद्धी सीएचसी लाकर भर्ती कराया गया। जिनका प्राथमिक उपचार चल रहा है। एक बालिका की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय सुशीला कुमारी पुत्री दीनानाथ कुशवाहा निवासी झारो, 15 वर्षीय अंजली पुत्री जीत सिंह निवासी कनकोडवा डूमरडीहा, प्रियंका पुत्री राजेश निवासी डूमरडीहा, नीशू पुत्री भूपेंद्र कुशवाहा निवासी झारो सहित कुल आठ स्कूली छात्राएं ऑटो पर सवार होकर राजकीय बालिका इंटर कालेज दुद्धी जा रहीं थीं। डूमरडीहा गांव में दिव्यांग स्कूल मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक को बचाने में अचानक ऑटो पलट गया। जिससे ऑटो पर सवार चार स्कूली छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

## शार्ट न्यूज

### सीएम की पत्नी ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ दर्ज किया 10 करोड़ रुपये की मानहानि का मुकदमा

नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा ने खाद्य प्रसंस्करण परियोजना में अनियमितताओं के झूठे आरोपों को लेकर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के खिलाफ 10 करोड़ रुपये की मानहानि का मुकदमा दायर किया है। उनके वकील वरिष्ठ अधिवक्ता देवजीत सैकिया ने मीडिया को बताया कि मामला शुक्रवार को कामरूप मेट्रोपॉलिटन के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में दायर किया गया है और इसे 26 सितंबर को आगे बढ़ाया जाएगा। सैकिया ने कहा, मेरे मुवक्किल ने एक्स पर विभिन्न ट्वीट्स के लिए गौरव गोगोई के खिलाफ 10 करोड़ रुपये की मानहानि का दावा किया है। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमने सब्सिडी प्राप्त करने के लिए कभी कोई आवेदन नहीं किया। सैकिया ने आगे दावा किया कि सब्सिडी मांगने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है और इसके लिए उनके मुवक्किल की फर्म को इस साल 26 मई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय से एक ईमेल आया था। परियोजना के लिए मंजूरी 26 नवंबर, 2022 को दी गई थी। पिछले ईमेल में, हमें बताया गया था कि अगर हमने अपना प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया तो हमारा दावा समाप्त हो जाएगा। हम सब्सिडी मांगने के लिए किसी भी चीज का जवाब नहीं दे रहे हैं।

### निरमा का होगा ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज, जानें इस सौदे से जुड़ी हर जरूरी बात

नई दिल्ली । डिटर्जेंट साबुन बनाने वाली कंपनी निरमा ने ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज में 7,500 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 75 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने 615 रुपये प्रति शेयर के भाव पर जो कि समेकित रूप से 5,650 करोड़ रुपये होता है की कीमत पर ग्लेनमार्क लाइफसाइंसेज में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए निरमा लिमिटेड के साथ शेयर खरीद समझौता किया है। यह लेनदेन ग्लेनमार्क लाइफसाइंसेज के वर्तमान बाजार मूल्य की तुलना में मामूली 2 प्रतिशत छूट के साथ हुआ है। इस बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स के बकाया ऋण को चुकाने के लिए किया जाएगा, जो वित्त वर्ष 2023 तक 4,340 करोड़ रुपये था। इसके अलावा, निदेशक मंडल लेनदेन को अंतिम रूप देने से पहले 2,250 करोड़ रुपये के अंतरिम लाभांश की घोषणा पर विचार कर रहा है। इस सौदे के लिए अपेक्षित समापन तिथि वित्त वर्ष 24 में है, जो आवश्यक नियामक और शेयरधारक अनुमोदन प्राप्त करने के अधीन है। सौदे के बाद ग्लेनमार्क फार्मा अब भी ग्लेनमार्क लाइफसाइंसेज में 7.84 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेगी। इसके अतिरिक्त, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स के वर्तमान प्रमोटर समूह के सदस्यों को सार्वजनिक शेयरधारकों के रूप में फिर से वर्गीकृत किया जाएगा, जो अपनी दो बोर्ड सीटों को त्याग देंगे।

### धान के रकबे तीन फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली । चालू खरीफ सत्र में अब तक धान का रकबा करीब 3 फीसदी बढ़कर 411.52 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। हालांकि, दलहन का रकबा 5 फीसदी घटकर 122.57 लाख हेक्टेयर रह गया। कृषि मंत्रालय के शुक्रवार के आंकड़ों के मुताबिक, मोटे अनाज का रकबा 183.73 लाख हेक्टेयर से मामूली बढ़कर 186.07 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। ?गन्ने का क्षेत्रफल सालाना आधार पर 55.66 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 59.91 लाख हेक्टेयर पहुंच गया।? हालांकि, तिलहनों की बुवाई 196.08 लाख हेक्टेयर के मुकाबले घटकर 192.91 लाख हेक्टेयर रह गई।? कपास खेती का रकबा भी घट गया है। सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत 13 ई-नीलामी में थोक ग्राहकों को केंद्रीय भंडार से 18.09 लाख टन गेहूं बेचा है। इससे गेहूं व इसके आटे के दाम घटाने में मदद मिली है। खाद्य मंत्रालय ने कहा, साप्ताहिक ई-नीलामी में गेहूं 2,125 रुपये प्रति क्विंटल के मूल्य पर बिक रहा है। यह न्यूनतम समर्थन मूल्य के बराबर है। दिल्ली में कृषि कर्ज व फसल बीमा से संबंधित तीन अहम पहल शुरू हुई है। इनमें विंड्स मैनुअल, किसान ऋण पोर्टल, घर-घर किसान क्रेडिट कार्ड अभियान शामिल हैं। कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर, राज्य मंत्री कैलाश चौधरी व शोभा करंदलाजे सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सीतारमण ने कहा, कृषि उद्देश्यों के लिए समर्पित पोर्टल पर बैंकों को दिसंबर तक का डाटा उपलब्ध कराना होगा।

### कसीनो कंपनी डेल्टा कॉर्प को झटका, जीएसटी महानिदेशालय ने थमाया 11,139 करोड़ का नोटिस




नई दिल्ली। जीएसटी महानिदेशालय ने कसीनो चलाने वाली कंपनी डेल्टा कॉर्प को 11,139 करोड़ रुपये का नोटिस जारी किया है। कंपनी को ब्याज और जुर्माने के साथ यह रकम चुकानी है। नोटिस के मुताबिक, कंपनी ने जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 के दौरान कम टैक्स भरा था। कंपनी ने सफाई दी है कि नोटिस की राशि अन्य मामलों के साथ जुड़ी अवधि में कसीनो में खेले गए सभी खेलों के सकल दांव मूल्य पर आधारित है। डेल्टा कॉर्प ने कहा, हमने कानूनी सलाह ली है। नोटिस और कर की मांग मनमानी और कानून के विपरीत है। कंपनी ऐसी कर मांग और संबंधित कार्यवाही को चुनौती देगी। भारत की सबसे बड़ी कसीनो कंपनी मानी जाने वाली डेल्टा कॉर्प ने कहा, कुल गेमिंग राजस्व के बजाय सट्टेबाजी मूल्य पर जीएसटी की मांग का मुद्दा इस उद्योग ने पहले ही उठाया है। बीते जुलाई महीने में हुई जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कसीनो की फुल वैल्यू पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला हुआ था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक की अध्यक्षता की थी।

# इनोवेशन, स्टार्टअप और टाइम मैनेजमेंट के नाम रहा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरा दिन

## इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन विभिन्न सेशंस में अलग-अलग सेक्टर्स के एक्सपर्ट्स ने दिए निवेशकों को सफलता के मंत्र दिए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक मंच दिलाने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन विभिन्न सेशंस का आयोजन हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश में उद्योगों को स्थापित करने में इनोवेशन का महत्व, स्टार्टअप की संभावनाओं, युवाओं को एंटरप्रेन्योरशिप के मंत्र और इंडस्ट्री में टाइम मैनेजमेंट की जरूरत पर बल दिया गया। विभिन्न सेक्टर्स से आए एक्सपर्ट्स ने जहां एक ओर निवेशकों को सफलता के मंत्र दिए तो वहीं योगी सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों की भी जानकारी दी गई। वहीं, मुंबई डब्बावाला के एमडी ने व्यवसाय में लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट को सबसे आवश्यक बताया। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से न सिर्फ लोकल एग्जिबिटर्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रही है, बल्कि ग्लोबल बायर्स को भी उत्तर प्रदेश से जुड़ने का अवसर दे रही है।

### यूपी में इंडस्ट्री में इनोवेशन को दिया जा रहा विशेष महत्व

इंटरनेशनल ट्रेड शो में तीसरे दिन पहला सेशन इनोवेशंस पर आधारित था। सुबह 11.30 से 12: 30 तक आयोजित इस सेशन में उत्तर प्रदेश में बिल्डिंग इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम का माहौल कैसे तैयार किया जाए, इस पर चर्चा की गई। सेशन में अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के एक्सपर्ट्स उपस्थित रहे, जिनमें इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, इनोवेशन हब के प्रबंधक रितेश सक्सेना व वंदना शर्मा ने उत्तर प्रदेश में किस तरह से इनोवेशन के साथ उद्योगों के लिए बेहतर माहौल बनाया जा सकता है, इस पर विस्तार से चर्चा की। इसमें मुख्य विषयों में इनोवेशन हब के बारे में, उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप पॉलिसी-2020 और फंडिंग के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। बिल्डिंग इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम पर एकेटीयू के इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत बड़े इंडस्ट्री हब के रूप में नए आयाम गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस अनोखे ट्रेड फेयर में जिस तरह निवेशक रुचि ले रहे हैं इसके पीछे यही मुख्य कारण है कि प्रदेश में इंडस्ट्री में इनोवेशन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश को बढ़ाने के लिए इनोवेशन पर काम करना जरूरी है, जिसके लिए प्रदेश में पूरा माहौल बन रहा है।


### आज के समय की मांग है एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप

दूसरा सेशन 12: 30 से 1: 30 बजे तक रहा, जिसमें एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप पर चर्चा हुई। इसमें पहला विषय यूथ-एंटरप्रेन्योरशिप और इंडस्ट्री कनेक्ट- नीड ऑफ द आवर रहा। दूसरा विषय एकेडमिया कोलैबोरेशन- स्ट्रेथिंग इनवेशन इकोसिस्टम और तीसरा विषय एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप- अमृतकाल का महत्व रहा। इस सेशन में गौतमबुद्ध नगर स्थित शारदा, शिव नादर और एमिटी यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट्स ने परिचर्चा में भाग लिया। इस दौरान प्रदेश में उच्च शिक्षा के महत्व और संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप विषय पर बोलते हुए शारदा यूनिवर्सिटी के डॉ. अमित सहगल ने कहा कि आज के दौर में एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि एकेडमिया और इंडस्ट्री का नेचर अलग-अलग है, अगर एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप की प्रवृति बढ़ेगी तो कॉलेज, यूनिवर्सिटी से निकलने के बाद छात्रों को इंडस्ट्री के नेचर को समझने में दिक्कत नहीं होती है।

तीसरा सेशन 2: 30 से 4 बजे तक चला, जिसमें लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट को लेकर मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुंबई डब्बावाला के एमडी डॉ. पवन अग्रवाल ने अपने सफर के बारे में विस्तार से बताते हुए व्यवसाय में लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट कैसे किया जाता है, इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यवसाय में लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट बहुत जरुरी है, क्योंकि तभी ग्राहकों को उच्च क्वालिटी की सेवा दी जा सकती है। अगर कोई इंडस्ट्री सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट में पीछे है तो उसकी ग्रोथ भी उतनी ही पीछे होगी। डॉ. पवन अग्रवाल ने कहा कि आज के प्रतियोगी युग में सप्लाई चेन को सबसे जरूरी रूप से मजबूत करने और टाइम मैनेजमेंट को बहुत अधिक आवश्यकता है। यह इसीलिए क्योंकि हमारी पहुंच अधिक से अधिक लोगों तक एक निश्चित समयावधि तक हो सके।

# शक्कर में खरीदी, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन मज़बूत- दालें महंगी चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी बताई गई। इससे भाव बने रहे। खाद्य तेलों में सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा बिका। तिलहनों में खरीदी बताई गई। संयोगिता गंज अनाज मंडी में दलहन मजबूत रही। दाल ? लिवाली सुधार से महंगी बिकी। चावल में कामकाज सामान्यवत रहा।



### किराना बाजार

शक्कर में मांग बताई गई। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा लिवाली से मजबूती लिए रहा। साबूदाना में लिवाली साधारण रही।

### तेल-तिलहन

मांग से खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। तिलहनों में उठाव से तेजी मंदी का अभाव रहा।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में आज दलहनों ? में उठाव बढ़ा रहा। इससे भाव तेजी लिए रहे। दालों में मसूर दाल मजबूती लिए बताई गई। चावल में खरीदी रही इससे भाव स्थिरता लिए रहे।

### किराना

शक्कर 3960 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल।
खोपरा गोला 105 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2200 से 3450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8100, पैकिंग में 8400 से 8600 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6300 से 6500, सोयाबीन 4700 से 4750 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1850 से 1860, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 860 से 865, साल्वेंट 825 से 830, पाम तेल 865 से 870 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 6400 से 6450, चना विशाल 6250 से 6300, मसूर 6250 से 6300, तुअर निमाड़ी 9500 से 11700, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11400 से 11700, तुअर (कर्नाटक) 11800 से 12100, मूंग 9100 से 9900, मूंग हल्की 7500 से 8300, उड़द 9000 से 9500, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 8300 से 8800, तुअर दाल सवा नंबर 14900 से 15000, तुअर दाल फूल 15500 से 15600, तुअर दाल बोल्ड 16500 से 17000, आयातित तुअर दाल 14000 से 14100, मसूर दाल 7800 से 8100, मूंग दाल 10900 से 11200, मूंग मोगर 11700 से 12000, उड़द दाल 10700 से 11000, उड़द मोगर 11500 से 11800 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

# एमएसएमई और निर्यातक बीमा जरूर करायें: खन्ना

ग्रेटर नोएडा। इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शुक्रवार को दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित हुए बीमा सत्र में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और औधोगिक मंत्री नंद गोपाल नंदी ने शिरकत की।

खन्ना ने कहा कि यह ट्रेड फेयर उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाई तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि योगी सरकार में प्रदेश में उद्योगों को स्थापित करने का जो माहौल बनाया गया है, उससे दुनिया भर के निवेशक यहां निवेश में रुचि दिखा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा ही तत्पर है, क्योंकि उद्योगों के बढ़ने से प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनिमी बनने में मदद मिलेगी।

उन्होंने सलाह देते हुये कहा कि निर्यातकों और एमएसएमई को बीमा जरूर कराना चाहिए। जिस तरह से आज दैवीय आपदाएं बढ़ रही हैं, उससे बहुत अधिक नुकसान हो जाता है, ऐसे में अगर कंपनी का बीमा रहेगा तो उससे उन्हें 80 से 90 प्रतिशत नुकसान की भरपाई हो जाती है।

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने भी एमएसएमई से जुड़े कारोबारियों को बीमा करने पर जोर दिया। उन्होंने कानपुर की गारमेंट इंडस्ट्री में हुई आगजनी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि बहुत सी कंपनियों का बीमा नहीं था, अगर उनके पास बीमा होता तो उन्हें बहुत मदद मिल जाती। उन्होंने कहा कि इसीलिए एमएसएमई सेक्टर में भी बढ़ी कंपनियों की तरह बीमा प्रवृति को बढ़ाया जाए।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार उद्योगों के विकास को लेकर बहुत गंभीर है, क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। इसीलिए प्रदेश में लगातार उद्योगों की स्थापना के लिए सुगम माहौल बनाए गया है। योगी सरकार उद्यमियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

उन्होंने कहा कि यह ट्रेड शो अपने आप में अनोखा है और बार इतना बड़ा शो आयोजित किया गया है। 70 देशों के 500 बायर्स यहां आए हैं। निश्चित ही इससे प्रदेश में निवेश बढ़ेगा, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था ऊंचाई पर जाने के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# काम-धंधे में आसानी के लिए सरकार प्रतिबद्ध : गोयल

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत में कारोबार शुरू करने तथा चलाने के लिए काम-धंधे में आसानी बढ़ने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। गोयल के पास उपभोक्ता, खाद्य आपूर्ति और कपड़ा मंत्रालय का भी प्रभार है। गोयल ने यहां उद्यमिता पर एक कार्यक्रम में स्टार्टअप इंडिया पहल की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि 2016 में भारत में 450 स्टार्टअप थे, जो बढ़कर आज एक लाख से अधिक हो गए हैं, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। उन्होंने कहा कि जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान वैश्विक स्तर पर देश की साख का जिक्र करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में किए गए विकास को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का अवसर मिला। उन्होंने भारतीय युवाओं की महत्वाकांक्षी प्रकृति को स्वीकार किया, जो तेज विकास के लिए उत्सुक है। उन्होंने 'अमृत काल' में भारत के विकास की नींव के रूप में देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। भारत की औसत आयु 30 वर्ष से कम होने और जनसांख्यिकीय लाभांश अगले तीन दशकों तक जारी रहने के साथ, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास हासिल करेगी।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में शुक्रवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.78 प्रतिशत उबलकर 90.33 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.59 प्रतिशत की तेजी लेकर 93.27 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# आयकर रिटर्न की प्रोसेसिंग और रिफंड तेजी से जारी करने के प्रयास जारी

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने आज कहा कि आयकर रिटर्न (आईटीआर) की प्रोसेसिंग और रिफंड तेजी से जारी करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा हरे हैं लेकिन कुछ ऐसे मामले हैं जिनमें करदाता पर पिछली मांगे बकाया होने के कारण उनका रिफंड बकाया है।

विभाग ने आज यहां कहा कि आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए 7.09 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। इनमें से 6.96 करोड़ आईटीआर सत्यापित किए जा चुके हैं, जिनमें से 6.46 करोड़ रिटर्न अब तक संसाधित किए जा चुके हैं, जिनमें 2.75 करोड़ रिफंड रिटर्न भी शामिल हैं। तेजी से प्रसंस्करण और रिफंड शीघ्र जारी करने पर जोर दिया गया है।

उसने कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 245(1), मौजूदा मांग के विरुद्ध रिफंड को समायोजित करने से पहले करदाता को प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करना अनिवार्य है। करदाता को मांग की स्थिति से सहमत, असहमत या स्पष्ट करना आवश्यक है। इसके परिणाम स्वरूप पिछले वर्षों में मौजूदा मांग वाले करदाताओं को इसकी सूचना दी जा रही है।

विभाग ने कहा कि यह एक करदाता अनुकूल उपाय है जहां प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अवसर प्रदान किया जा रहा है। करदाताओं से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और ऐसी सूचनाओं का जवाब दें ताकि लंबित मांगों की सफाई/समाधान हो सके और समय पर रिफंड जारी करने की सुविधा मिल सके।

# भविष्य में सेमीकंडक्टर की मांग बढ़कर पांच लाख करोड़ रुपये पर पहुंचेगीट : वैष्णव

*नई दिल्ली।* अमेरिकी चिप निर्माता माइक्रोन ने 23 सितंबर (शनिवार) को गुजरात के साणंद औद्योगिक क्षेत्र में 2.75 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर परीक्षण और पैकेजिंग संयंत्र के पहले चरण के निर्माण को हरी झंडी दिखाने के लिए एक ग्राउंडब्रेकिंग समारोह आयोजित किया।



इस दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि कहा कि अगले छह महीनों में अहमदाबाद और साणंद के बीच एक हाई-स्पीड ट्रेन चलना शुरू हो जाएगी। सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रॉन के संयंत्र के शिलान्यास समारोह में वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें साणंद में भी रुकेंगी।

रेल मंत्री ने कहा कहा, अहमदाबाद से साणंद के बीच एक विश्व स्तरीय ट्रेन शुरू होगी।

हाई-स्पीड ट्रेन बहुत जल्द, अगले छह महीनों में शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में बात करते हुए, वैष्णव, जिनके पास संचार और आईटी विभाग भी है, ने कहा, अगले कुछ वर्षों में सेमीकंडक्टर की मांग बढ़कर 5 लाख करोड़ रुपये होने जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण डिजाइन और मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर के साथ देश के भविष्य का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर स्पेस में गुजरात ने बाजी मारी है। माइक्रोन ने जून में गुजरात में 2.75 अरब डॉलर (करीब 22,540 करोड़ रुपये) के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की थी। कंपनी ने साणंद में नई असेंबली और परीक्षण सुविधा के चरणबद्ध निर्माण के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स को शामिल किया है।

# एक करोड़ सरकारी कर्मियों-पेंशनरों को 4 फीसदी मिलेगा डीए-डीआर

केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जुलाई से 4 फीसदी डीए वृद्धि की सौगात मिलेगी। राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड की बैठक में ओपीएस का मुद्दा रखने वाले अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी.श्रीकुमार का कहना है कि इस बार कर्मियों का डीए 46 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा। ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता, जिसके चलते केंद्र सरकार, डीए में चार फीसदी की बढ़ोतरी न करे। कर्मचारी संगठनों को पूरी उम्मीद है कि सरकार, डीए की मौजूदा दर को 46 प्रतिशत पर ले जाएगी। इसके बाद जनवरी 2024 में जब चार फीसदी बढ़ोतरी के साथ, महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत होगा तो केंद्र सरकार के समक्ष, दमदार तरीके से 8वें वेतन आयोग के गठन का प्रस्ताव रखा जाएगा। सम्भव है कि केंद्रीय कैबिनेट की आगामी बैठक में डीए बढ़ोतरी की घोषणा हो जाएगी।

### गत वर्ष दीवाली से पहले मिला था डीए/डीआर

बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट ने पिछले साल 28 सितंबर को डीए की दरों में चार फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की थी। केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को दीवाली से पहले महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का तोहफा मिल गया था। वह भत्ता पहली जुलाई 2023 से जारी हुआ था। उस वक्त 34 प्रतिशत की दर से मिल रहा महंगाई भत्ता 38 प्रतिशत हो गया था। उसके बाद जनवरी 2023 से उक्त भत्ते में दोबारा से चार फीसदी की वृद्धि हो गई। मौजूदा समय में महंगाई भत्ता, 42 प्रतिशत की दर से मिल रहा है। अगर जुलाई 2023 से बढ़ने वाले भत्ते में भी चार प्रतिशत की वृद्धि होती है और जनवरी 2024 में भी इसमें चार फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज होती है तो उस वक्त डीए वृद्धि का ग्राफ पचास फीसदी हो जाएगा। सातवें वित्त आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ऐसा होता है तो बाकी के भत्ते भी स्वत: ही 25 प्रतिशत बढ़ जाएंगे। वेतन का ढांचा भी बदल जाएगा।

### 'पे' रिवाइज के लिए दस साल का इंतजार जरुरी नहीं

सी. श्रीकुमार बताते हैं, संसद में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की कोई योजना नहीं है। केंद्र सरकार इस संदर्भ में विचार नहीं कर रही। ये सरकार की मनमर्जी ही तो है। सातवें वेतन आयोग ने सिफारिश की थी कि केंद्र में पे रिवाइज हर दस साल में ही हो, यह जरुरी नहीं है। इस अवधि का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। यह पीरियोडिकल भी हो सकता है। हालांकि पे कमीशन ने इसकी कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं दी है कि कब और कितने समय बाद वेतन आयोग गठित होना चाहिए। कुछ माह बाद डीए 50 प्रतिशत के पार होने जा रहा है। ऐसे में नए डीए और एचआरए की संभावना बनना तय है। पिछला वेतन आयोग 2013 में गठित हुआ था। उसके तीन साल बाद आयोग की सिफारिशें लागू हुई। उस हिसाब से 2026 में वेतन रिवाइज होना चाहिए। इसके लिए 2023 में आयोग का गठन हो। संभव है कि केंद्र सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले आठवें वेतन आयोग का गठन करे।

### देश में प्रति व्यक्ति आय 111 प्रतिशत बढ़ी

संसद में इस मुद्दे पर जो सवाल जवाब हुए हैं, उनमें कहा गया है कि जनवरी 2016 से जनवरी 2023 के बीच में कर्मियों के वेतन और पेंशन में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान देश में प्रति व्यक्ति आय 111 प्रतिशत बढ़ी है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में बताया था कि मुद्रा स्फीति के कारण वेतन और पेंशन के असली मूल्य में जो कटौती होती है, उसे पूरा करने के लिए डीए/डीआर दिया जाता है। अब डीए 42 प्रतिशत हो गया है। प्रति व्यक्ति आय तीन गुणा हो गई। इसके साथ वस्तुओं के दाम भी उसी अनुरुप में बढ़े हैं। मतलब, केंद्र सरकार के कर्मी कम वेतन पर काम कर रहे हैं। पिछले तीन वेतन आयोगों की तरफ से कहा गया है कि जब डीए 50 प्रतिशत तक पहुंच जाए तो मुद्रा स्फीति के प्रभाव को कम करने के लिए भविष्य में पे रिवाइज किया जाए। जनवरी 2024 में डीए 50 के पार हो जाएगा।

नई दिल्ली
रविवार 24 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### औरों से जुदा हैं बाबर, विश्व कप में गेंदबाजों के लिये बनेंगे सरदर्द: गौतम गंभीर

मोहाली। भारत के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का मानना है कि पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले एक दिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम गेंदबाजों के लिये सरदर्द साबित होंगे। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गंभीर ने स्टार स्पोर्टस पर अपनी राय व्यक्त करते हुये कहा कोई शक नहीं कि विराट कोहली,केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ,जो रूट,रोहित शर्मा और डेविड वार्नर दुनिया के धाकड़ बल्लेबाज हैं मगर बाबर आजम के पास वह क्वालिटी है कि वह किसी भी गेंदबाज को छकाने का माद्दा रखते हैं। मैने बहुत कम ऐसे खिलाड़ी देखे है जिनके पास इतना वक्त है बल्लेबाजी करने के लिये। बाबर आजम के पास अलग लेवल की क्वालिटी है जो उन्हे मौजूदा बल्लेबाजों से अलग बनाती है। गौरतलब है कि विश्वकप का आगाज पांच अक्टूबर को होगा मगर भारत अपना पहला मैच आस्ट्रेलिया के साथ आठ अक्टूबर को चेन्नई में खेलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा। टूर्नामेंट का फाइनल में भी अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। बाबर आजम ने पाकिस्तान के लिए 108 वनडे मुकाबलों में 58.16 की औसत से 5409 रन बनाए हैं जिसमें उनके 19 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं।

### भारत बना क्रिकेट की दुनिया का सरताज

**मोहाली।** आस्ट्रेलिया को पहले एक दिवसीय मैच में हरा कर भारत ने टी-20 और टेस्ट मैच के बाद वनडे रैकिंग में भी शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। शुक्रवार को खेले गये मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया था और इस जीत के साथ ही टीम ने पाकिस्तान को वनडे रैकिंग के शीर्ष से नीचे ढकेलते हुये खुद को नम्बर एक पर काबिज कर लिया। क्रिकेट के तीनो प्रारूपों में अव्वल रहने का करिश्मा इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम ने वर्ष 2012 में किया था। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की जीत के बाद फ़िलहाल भारत के पास 116 अंक हैं जबकि पाकिस्तान 115 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया है। सितंबर के महीने में भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच लगातार शीर्ष स्थान के लिए लड़ाई चलती रही है। एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद पाकिस्तान ने नंबर 1 रैंकिंग अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका में लगातार तीन मैच हारते हुए इस रेस में पिछड़ गए थे। भारत ने पहले एशिया कप फ़ाइनल में श्रीलंका को रौंदा और फिर मोहम्मद शमी की गेंदबाज़ी से प्रेरित ऑस्ट्रेलिया को ऐसे मैच में हराया जहां 1987 के बाद केवल पहली बार उनके लिए शीर्ष छह में चार बल्लेबाज़ों ने अर्धशतक जड़े। भारत के पास चार ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो खिलाड़ियों के रैंकिंग्स में टॉप स्थान पर हैं।

### अरुणाचल के खिलाड़ियों की एशियाड में भाग लेने की संभावनाएं खत्म, वीजा बना समस्या

**नई दिल्ली।** चीन की हरकत के बाद अरुणाचल प्रदेश की तीन महिला वूशु खिलाड़ियों के हांगझोऊ एशियाई खेलों में भाग लेने की संभावनाएं खत्म हो गई हैं। चीन ने अरुणाचल प्रदेश की तेगा ओनिलु, लामगु मेपुंग और वांगसू न्येमान को नत्थी वीजा जारी किया है। भारत सरकार नत्थी वीजा को मान्यता नहीं देती है, जिसके चलते इन तीनों को ही एशियाई खेलों में नहीं भेजा जा सकता है। हांगझोऊ में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) और एशियाई खेल आयोजन समिति ने भी गुरुवार को यह स्पष्ट कर दिया कि इन तीनों खिलाड़ियों को चीन सरकार के नियमों के तहत एशियाई खेलों के लिए वीजा जारी किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया है। दो माह के अंतराल में यह दूसरा मौका है, जब इन तीनों खिलाड़ियों को चीन की हरकत की वजह से अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन से दूर रहना पड़ेगा। इससे पहले 26 जुलाई को भारत सरकार ने चेंगदू (चीन) में हुए विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में भाग लेने जा रही पूरी वूशु टीम को दिल्ली एयरपोर्ट से वापस बुला लिया था। उस दौरान भी चीन ने इन तीनों खिलाड़ियों को नत्थी वीजा जारी किया था, जिसके विरोध में भारत सरकार ने पूरी वूशु टीम इन खेलों में भाग लेने से रोक दी थी।

### पाक का प्री-वर्ल्डकप दुबई टूर कैंसिल

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार तक भारतीय वीजा नहीं मिलने की वजह से दुबई के रास्ते भारत आने के प्लान को कैंसिल कर दिया है। अब पाकिस्तान की टीम सीधे हैदराबाद आएगी। क्रिकेट की वेबसाइट क्रिक इंफो ने दावा किया है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच के लिए हैदराबाद पहुंचने की योजना दुबई के रास्ते तैयार की थी। टीम को दुबई में कुछ दिन रूकना था। उसके बाद हैदराबाद में होने वाले प्रैक्टिस मैच के लिए भारत आना था। पाकिस्तान को वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच में 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। वहीं दूसरा प्रैक्टिस इसी ग्राउंड पर 3 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से भारत में होना है। पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होना है। पाकिस्तान अपने वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है। पाकिस्तान टीम ने टीम इंडिया के साथ वनडे और टी-20 की बाइलैटरल सीरीज के लिए 2012-13 में भारत का दौरा किया था। उसके बाद दोनों टीमों ने बाइलैटरल सीरीज के लिए एक-दूसरे देश के दौरा नहीं किया है।

### रॉबर्ट मेनेंडेज़ ने अभियोग के बाद अमेरिकी सीनेट के विदेश संबंध अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

वाशिंगटन। डेमोक्रेटिक न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने न्याय विभाग द्वारा विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों की घोषणा के बाद अमेरिकी सीनेटर रॉबर्ट मेनेंडेज़ ने कांग्रेस में अपनी सीट से इस्तीफा देने की मांग की है। शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया,सीनेटर मेनेंडेज़ और अन्य प्रतिवादियों को दोषी नहीं पाया गया हैज्हालांकि, कथित तथ्य इतने गंभीर हैं कि वे हमारे राज्य के लोगों का प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व करने के लिए सीनेटर मेनेंडेज़ की क्षमता से समझौता करते हैं। इसलिए, मैं उनके तत्काल इस्तीफे की मांग कर रहा हूं, इससे पहले शुक्रवार को, न्याय विभाग ने मेनेंडेज़, उनकी पत्नी और तीन अन्य व्यक्तियों पर रिश्वतखोरी की साजिश, ईमानदार सेवाओं में धोखाधड़ी की साजिश और आधिकारिक अधिकार के तहत जबरन वसूली की साजिश सहित अपराधों के आरोप वाले अभियोग को खारिज कर दिया।

### सूडान में युद्ध के कारण 53 लाख लोग हुये विस्थापित

खार्तूम। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद अप्रैल के मध्य से सूडान में युद्ध से लगभग 53 लाख लोग विस्थापित हो गये। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ओसीएचए ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, अप्रैल के बाद से पांचवें महीने में एसएएफ और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण, लगभग 53 लाख लोग अपने घर छोड़कर सूडान या पड़ोसी देशों में शरण ले चुके हैं। इसमें कहा गया है, सूडान के भीतर, 19 सितंबर तक सभी 18 राज्यों में 3,929 स्थानों पर 42 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ओसीएचए ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के हवाले से कहा कि इसके अलावा, 10 लाख से अधिक लोग मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड, मिस्र, इथियोपिया और दक्षिण सूडान सहित पड़ोसी देशों में चले गए हैं।

# हांगझोउ में हुआ 19वें एशियाई खेल का उद्घाटन

**हांगझोउ।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की उपस्थिति में हांगझोउ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में शनिवार रात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इको-फ्रेंडली टेक्नोलॉजी के साथ 19वें एशियाई खेल का आधिकारिक शुभारंभ हुआ।

इन खेलों में इस बार 12 हजार से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। एशियाई खेल 2023 के उद्घाटन समारोह में चीन की समृद्ध विरासत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इको-फ्रेंडली टेक्नोलॉजी के साथ देश के आधुनिक दृष्टिकोण को भी दुनिया के सामने पेश किया। यह एशियाई खेल 2023 खेलों का पहला संस्करण है जिसमें डिजिटल मशाल-प्रज्ज्वलन समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में लाखों मशाल-वाहक क़ियानतांग नदी पर डिजिटल लौ को डिजिटल मानव आकृति में बदला। 3डी एनिमेशन हांगझोउ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाज़ी भी की गई। चीन हांगझोउ के साथ पांच अन्य शहर हुझोउ, निंग्बो, शाओजिंग, जिन्हुआ और वेंझोउ में खेलों को आयोजित किया जायेगा।

रतीय दल की अगुवाई कर रहे हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह कुर्ता और पायजामा उसके ऊपर रंगबिरंगी जैकेट पहने हुए थे और वहीं विश्व चैंपियन मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन साड़ी पहने हुए थी। दोनों संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज के उठाये हुए थे। इस दौरान अन्य महिलाओं सदस्यों ने भी पारंपरिक परिधान साड़ी पहनी हुई थी और उनके हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा था। एशियाई खेलों में भारतीय दल की 921 सदस्य है, जिसमें 655 एथलीट, 260 कोच और सहायक



कर्मचारी शामिल हैं। एशियाई खेलों में यह देश का अब तक का सबसे बड़ा दल है।

फुटबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट, रोइंग, सेलिंग (नौकायन), टेबल टेनिस, आधुनिक पेंटाथलन आदि खेलों में मुकाबले उद्घाटन समारोह से पहले ही शुरू हो गए। महिला क्रिकेट, भारतीय महिला टीम पहली बार इन खेलों में शिरकत कर रही है और सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। टीम से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। वहीं, ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली पुरुष क्रिकेट टीम भी पीला तमगा पाने का माद्दा रखती है। हालाँकि भारत ने अपनी सीनियर टीम को एशियन खेल में नहीं भेजा है और जो टीम भेजी गई है, उसकी कप्तानी रितुराज गायकवाड़ कर रहे हैं। जबकि भारतीय महिला टीम की कमान दो मैचों के लिए स्मृति मंधाना के पास है। टीम में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर भी हैं। लेकिन उन पर दो मैचों की रोक लगी है। भारतीय महिला टीम पहले ही सेमी फ़ाइनल में पहुँच चुकी है। पुरुष मुकाबलों में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को सीधे क्वार्टर फ़ाइनल में जगह मिली है। भारत अपना क्वार्टर फाइनल मैच तीन अक्तूबर को खेलेगा। भारत की महिला और पुरुष टीम को पदक का बड़ा दावेदार माना जा रहा है।

पुरुष-महिला हॉकी टीमें मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारतीय पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों का स्वर्ण जीतना माना जा रहा है। पुरुष और महिला कबड्डी टीम से भी स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें हैं। पिछली बार पुरुष टीम ने कांस्य और महिला टीम ने रजत पदक जीता था। निशानेबाजी में निशानेबाजों ने 2018 में दो स्वर्ण सहित नौ पदक जीते थे, लेकिन इस बार वे शायद इस संख्या को पार नहीं कर पाएं। मुक्केबाजी में निकहत जरीन और बोरगोहेन स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल दावेदार हैं। कुश्ती में अंतिम पंघाल से स्वर्ण की आस है। उन्होंने हाल ही में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक कोटा दिलाया।

नीरज चोपड़ा भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) के इस एशियन खेल में भी भारत की ओर से स्वर्ण पद के दावेदार हैं। वहीं निखत ज़रीन से एशियन खेल में स्वर्ण पदक की उम्मीद है। भारतीय मुक्केबाज़ी की पोस्टर गर्ल अंतिम पंघाल महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने हाल ही में वर्ल्ड चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता है। इसके साथ ही उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए 53 किलोग्राम भार वर्ग में कोटा हासिल कर लिया है।

## एशियाई खेल 2023 में ध्वजवाहक हरमनप्रीत सिंह और लवलिना ने किया भारत का नेतृत्व

होंगझोऊ। चीन के होंगझोऊ में एशियाई खेल 2023 का उद्घाटन समारोह शनिवार को भारतीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे से शुरू हुआ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने ध्वजवाहक की भूमिका निभाई। एशियाई खेल में भारत के 655 एथलीट 39 खेलों में हिस्सा लेंगे। इन खेलों का आयोजन पिछले साल 2022 में किया जाना था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इन्हें 2023 के लिए स्थगित कर दिया गया। ऐसे में इस बार पांच साल बाद एशियाई खेलों का आयोजन हो रहा है। एशियाई खेलों में 45 देशों के एथलीट अलग-अलग खेलों में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ध्वजवाहक की भूमिका निभाई। दोनों ने परेड में भारतीय दल की अगुआई की। परेड की शुरुआत करने वाला पहला देश अफगानिस्तान था, उसके बाद बहरीन, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, हांगकांग, चीन, भारत, इंडोनेशिया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, इराक थे। भारत हांगझोउ में 39 स्पर्धाओं के लिए 655 खिलाड़ियों के सबसे बड़े दल के साथ पहुंचा है और उसकी कोशिश इंडोनेशिया 2018 में जीते गए 70 पदकों (16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य) से बेहतर 100 पदक जीतकर बेहतर प्रदर्शन करने पर जोर रहेगा ताकि वह दुनिया को दिखा सके कि टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद से देश में खेल ने किस तरह से तेजी से बदलाव आया है।

## सचिन तेंदुलकर ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में माथा टेका

**वाराणसी।** भारतीय क्रिकेट के महानतम बल्लेबाज रहे मास्टर ब्लास्टर्स सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को यहां श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में पहुंच कर ज्योर्तिलिंग का दर्शन पूजन किया। लाल रंग के लिबास में बाबा विश्वनाथ धाम पहुंचे तेंदुलकर ने विधिविधान से दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सचिन करीब 15 मिनट तक विश्वनाथ धाम में रहे। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। सचिन यहां उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के भव्य स्टेडियम के आधारशिला कार्यक्रम में भाग लेने आये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगभग 451 करोड़ रूपये लागत के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। यह यूपीसीए का पहला स्टेडियम होगा।

# मोदी ने वाराणसी में किया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग 451 करोड़ रूपये की लागत वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर,सचिन तेंदुलकर,कपिल देव, गुंडप्पा विश्वनाथ,बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी,सचिव जय शाह और राजीव शुक्ला समेत भारतीय क्रिकेट की कई जानी मानी हस्तियां मौजूद थी।

यह स्टेडियम प्रदेश का तीसरा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम है जबकि बीसीसीआई का यह पहला स्टेडियम है। वाराणसी के गांजरी, राजातालाब



में बनने वाला आधुनिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से 30 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।

इस स्टेडियम की विषयगत वास्तुकला की प्रेरणा भगवान शिव से ली गई है, जिसमें अर्धचंद्राकार छत के कवर, त्रिशूल के आकार की फ्लड-लाइट, घाट की सीढ़ियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था, बिल्विपत्र के आकार की धातु की चादरों के डिजाइन विकसित किए गए हैं। इस स्टेडियम की क्षमता 30 हजार दर्शकों की होगी।

# अमेरिका को भारत-कनाडा में चुनना पड़ा तो भारत को चुनेंगे

## पेंटागन के पूर्व अफसर बोले- ट्रूडो की इंडिया से लड़ाई ऐसी जैसे चींटी हाथी से भिड़े

**वॉशिंगटन।** कनाडा ने भारत पर आंतकी निज्जर की हत्या का आरोप लगाया है। इस पर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय- पेंटागन के पूर्व अफसर का कहना है कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से भारत के मुकाबले कनाडा को ज्यादा खतरा है। साथ ही अगर अमेरिका को भारत-कनाडा में से किसी एक को चुनना पड़ा तो वो भारत को चुनेगा।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा- भारत और अमेरिका के रिश्ते बेहद अहम हैं।

कनाडा की भारत से लड़ाई बिलकुल वैसी है जैसे किसी हाथ और चींटी की होती है। रुबिन ने ट्रूडो की गिरती पॉपुलैरिटी को देखते हुए कहा- वो



लंबे समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे, इसलिए उनके पद से हटने के बाद अमेरिका दोबारा कनाडा से रिश्ते मजबूत कर लेगा।

### पेंटागन के पूर्व अफसर बोले- ट्रूडो ने गलती की है

माइकल रुबिन ने कहा- मुझे लगता है कि ट्रूडो ने बहुत बड़ी गलती की है। उन्होंने ऐसे आरोप लगाए हैं जिनके सपोर्ट में कोई सबूत पेश नहीं किए गए हैं। सवाल उठाने या आरोप लगाने से पहले उन्हें ये बताना चाहिए की आखिर क्यों उनकी सरकार एक आतंकी को पनाह दे रही थी।

### ट्रूडो बोले- हफ्तों पहले भारत को सबूत दिए

ट्रूडो ने बताया- हमने कुछ हफ्ते पहले ही भारत सरकार से ऐसे सबूत साझा किए थे, जो हमारे आरोपों को पुख्ता करते हैं। हम चाहते हैं कि दिल्ली जांच में हमारा सहयोग करे।

उन्होंने कहा कि हम भारत से अपील करते हैं कि वो हमारे साथ जुड़कर काम करें, जिससे इस बेहद गंभीर मामले की तह तक पहुंच सकें। हम उनके साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं और हफ्तों से इसके लिए कह रहे हैं।

कनाडा के पीएम ट्रूडो ने कहा- जैसा कि मैंने सोमवार को कहा था, हमारे पास ये मानने के पर्याप्त कारण हैं कि भारत सरकार के एजेंट हमारी धरती पर एक कनाडाई की हत्या में शामिल थे।

ये एक बहुत अहम बात है, खासकर एक ऐसे देश के लिए जहां कानून का शासन हो। कनाडा में अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर व्यवस्था है। हम भारत सरकार से इस मामले की सच्चाई तक जाने के लिए सहयोग की अपील करते हैं।

## निक्की हेली बोलीं- चीन जंग की तैयारी कर रहा

### कहा- वो अमेरिका और दुनिया के लिए खतरा; चीनी सेना कई मामलों में हमसे आगे

न्यू हैम्पशायर। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल निक्की हेली ने चीन को अमेरिका और पूरी दुनिया के अस्तित्व के लिए खतरा बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है। चीन पिछले 50 साल से अमेरिका को हराने के लिए साजिशें रच रहा है और कई मायनों में चीनी सेना की क्षमता अमेरिका सेना के बराबर है।

हेली ने ये बातें न्यू हैम्पशायर में शुक्रवार को इकोनॉमी पर स्पीच देते हुए कहीं। निक्की ने कहा- चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का एक मकसद साफ है, वो एक बड़ी और एडवांस मिलिट्री बनाना चाहते हैं, जो अमेरिका को डराने के काबिल हो। इसके जरिए वो एशिया और उसके बाहर भी अपना दबदबा बढ़ाना चाहते हैं। चीन की सेना कुछ मामलों में हमारे बराबर है, तो कुछ मामलों में वो हमसे भी आगे हैं।




चीन के नेता इतने कॉन्फिडेंट हैं कि वो हमारे एयरस्पेस में अपने स्पाई बैलून भेज रहे हैं। साथ ही वो क्यूबा के पास जासूसी के लिए बेस भी बना रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी युद्ध की तैयारी कर रही है और चीन के नेता जीतने का इरादा रखते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में चीन ने अमेरिका से नौकरियां छीन ली हैं।

उसने अमेरिका के ट्रेड सीक्रेट लेकर अहम उद्योगों को अपने कब्जे में ले लिया है। इन उद्योगों में मेडिसिन से लेकर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी तक शामिल हैं। इसी के चलते चीन रिकॉर्ड समय में आर्थिक रूप से पिछड़े हुए देश से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन गया है।

### निक्की ने राष्टपति बनने पर टैक्स में कटौती का वादा किया

इसके बाद निक्की हेली ने अपना इकोनॉमिक प्लान शेयर किया। उन्होंने बताया कि अगर वो राष्ट्रपति बनती हैं तो अमेरिका में लोगों का जीवन बेहतर करने के लिए क्या बदलाव लाएंगी। उन्होंने टैक्स में कटौती, नौकरशाहों के कार्यकाल की सीमा तय करने और गैरजरूरी बिलों को हटाने की बात कही।

इससे पहले भारतीय मूल के एक और कैंडिडेट विवेक रामास्वामी ने चीन से आर्थिक आजादी की बात कही थी। उन्होंने कहा था- मैं भारत सहित दूसरे देशों के साथ रिश्ते और बेहतर करना चाहता हूं, जिससे चीन पर हमारी निर्भरता कम हो सके।

## कनाडा में भारतीयों का 3 लाख करोड़ का योगदान

ओटावा। भारत की डिप्लोमैटिक स्ट्राइक के बाद कनाडा की ट्रूडो सरकार और वहां के आर्थिक विशेषज्ञ चिंता में हैं। इसका बड़ा कारण कनाडा में रहने वाले 20 लाख भारतीयों का इकोनॉमी के हर सेक्टर में दबदबा है। भारतवंशी यहां की अर्थव्यवस्था में हर साल लगभग 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का योगदान देते हैं। हर साल भारत से करीब 2 लाख छात्र कनाडा जाते हैं। इनकी फीस के तौर पर लगभग 75 हजार करोड़ रुपए कनाडा को मिलते हैं। कनाडा में अंतरराष्ट्रीय छात्रों में सबसे ज्यादा संख्या भारतीयों की है। ये कनाडा की इकोनॉमी में फुटकर काम, हॉस्पिटैलिटी और रिटेल सेक्टर में काम करते हैं। कनाडा ने हाल में अमेरिका के एएच1बी वीजा धारक भारतीयों को ओपन वर्क परमिट जारी किया था।

## ट्रूडो ने की यूक्रेन को नयी बहु-वर्षीय सहायता की घोषणा

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद यूक्रेन के लिए नयी सैन्य, आर्थिक, शांति और सुरक्षा तथा विकास सहायता एवं निवेश की घोषणा की। ट्रूडो ने अपने कार्यालय की वेबसाइट पर पोस्ट में कहा कि कनाडा बहु-वर्षीय सहायता प्रदान करने के लिए दृष्टिकोण बदल रहा है। उन्होंने यूक्रेन को बख्तरबंद चिकित्सा निकासी वाहनों सहित 50 बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति के लिए तीन वर्षों में 65 करोड़ कनाडाई डॉलर के नए निवेश की घोषणा की। विज्ञप्ति के अनुसार सर्वश्री ट्रूडो और जेलेंस्की ने आधुनिक कनाडा-यूक्रेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो यूक्रेन के आर्थिक सुधार में भाग लेने वाले कनाडाई व्यवसायों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली बाजार पहुंच की शर्तें सुनिश्चित करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों देश रूसी केंद्रीय बैंक संपत्तियों सहित रूसी संपत्तियों की जब्ती पर निर्णय निर्माताओं को सलाह देने के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों का एक कार्य समूह स्थापित करने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ काम करने पर सहमत हुए हैं। ट्रूडो ने मानसिक स्वास्थ्य, छोटे पैमाने के किसानों और कृषि आजीविका की बहाली, स्थानीय बुनियादी ढांचे के पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण के साथ-साथ समावेशी के तकनीकी सहायता के वसूली के लिए चार बहु-वर्षीय पहलों के वास्ते विकास सहायता में अतिरिक्त 3.4 करोड़ कनाडाई डॉलर की घोषणा की।

## 'जापान का समुद्र में दूषित पानी छोड़ा जाना वैश्विक विश्वास,एकजुटता पर हमला'

होनियारा सोलोमन द्वीप के प्रधानमंत्री मनश्शे सोगावरे ने शुक्रवार को जापान की ओर से समुद्र में परमाणु-दूषित पानी छोड़े जाने की आलोचना की और इसे वैश्विक विश्वास और एकजुटता पर हमला बताया। सोगावरे ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस में कहा कि सोलोमन द्वीप समान विचारधारा वाले प्रशांत द्वीपवासियों के साथ खड़ा है और जापान के 10 लाख टन से अधिक परमाणु-दूषित पानी को समुद्र में छोड़ने के फैसले से स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि यदि परमाणु-दूषित पानी सुरक्षित है, तो इसे जापान में संग्रहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम जापान से परमाणु उपचारित अपशिष्ट जल के समाधान के लिए अन्य विकल्प तलाशने और इसे तुरंत प्रशांत महासागर में छोड़ना बंद करने का आह्वान करते हैं। अगर हमें विश्वास का पुनर्निर्माण करना है और वैश्विक एकजुटता को फिर से जगाना है, तो हमें अपने महासागरों की रक्षा करने में ईमानदार और स्पष्ट होना चाहिए जो हमारे लोगों की जीवनधारा है। सोगावरे ने कहा कि जापान द्वारा निष्क्रिय फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र से परमाणु-दूषित पानी को समुद्र में छोड़े जाने के खिलाफ बोलना उनका नैतिक दायित्व है।

## बंगलादेश में राष्ट्रीय चुनाव स्वतंत्र और पारदर्शी होना चाहिए : प्रधानमंत्री हसीना

ढाका। बंगलादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने टिप्पणी की है कि अगर देश के राष्ट्रीय चुनाव को विफल करने के लिए विदेशी देशों से कोई साजिश होगी, तो इस देश के लोग भी उन पर प्रतिबंध लगाएंगे। उन्होंने कहा, बंगलादेशियों पर अमेरिकी वीजा नीति लागू होने को लेकर डरने की कोई बात नहीं है। प्रधान मंत्री शेख हसीना ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन भी उनके साथ थे। चुनाव रोकने के नाम पर बीएनपी-जमात की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने पत्रकारों से कहा कि सभी तथ्यों को अच्छे से दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रतिबंध जारी करेंगे, वे उसे भी देखेंगे, एक पक्ष नहीं। इसे सबसे पहले किसने शुरू किया यह देखना चाहिए। इसे देखने के बाद मंजूरी दी जायेगी। अगर अवामी लीग को निशाना बनाया गया है तो मुझे कुछ नहीं कहना है। अमेरिकी प्रतिबंध को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग ऐसा कह रहे हैं उन्हें अपने देश के चुनाव से भी दिक्कत है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### नौजवानों को प्राथमिकता नहीं देने वाली सरकार को सत्ता से बेदखल कर देना चाहिए

इंदौर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि जिस सरकार की प्राथमिकता में नौजवान नहीं हो उसे सत्ता से बेदखल कर देना चाहिए। कमलनाथ ने यहां आयोजित बेरोजगार महापंचायत को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज वे नौजवानों को ईमानदारी से नौकरियों में भर्ती का वचन देते हैं। उन्होंने कहा कि वे तो कहते हैं कि जिस सरकार की प्राथमिकता में नौजवान ना हो उसे बेदखल कर सत्ता से बाहर कर देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के नौजवान और 20 साल पहले के नौजवान में बहुत अंतर है। आज के नौजवान की अपनी सोच है, अपना दृष्टिकोण है। आज का नौजवान पूरी तरीके से सोशल मीडिया से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि 40 साल से चुनाव लड़ रहे हैं और जीत रहे हैं। आज कितना अंतर आ गया है लोगों की सोच में उनके दृष्टिकोण में उनके नजरिए में, विशेषकर राजनीति में। कमलनाथ ने कहा कि रोजगार दो तरीके के होते हैं, एक सरकारी और एक प्राइवेट। प्रायवेट रोजगार निवेश से आता है और निवेश विश्वास से आता है।

### ओबीसी महिलाओं के आरक्षण की मांग उठायी उमा ने

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता उमा भारती ने आज कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण संबंधी कानून लागू होने के पहले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। भारती ने यहां अपने निवास पर ओबीसी वर्ग से जुड़े प्रतिनिधियों की बैठक के बाद मीडिया को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अच्छी पहल है कि देश में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान किया जा रहा है, लेकिन वे मानती है कि इस कानून में ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में ओबीसी वर्ग की आबादी लगभग 60 प्रतिशत है और इस वर्ग का सामाजिक और आर्थिक उत्थान भी आवश्यक है। भाजपा नेता ने स्पष्ट करते हुए कहा कि वे मध्यप्रदेश में अपनी राजनीतिक जमीन नहीं तलाश रहीं हैं और न ही वे इस राज्य में अब कभी मुख्यमंत्री बनेंगी। उन्होंने कहा कि लेकिन वे ओबीसी के उत्थान के लिए कार्य करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि वे गाय और गरीब की सेवा हमेशा से करती आयीं हैं और आगे भी करती रहेंगी।

### कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर को होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियां में भारतीय जनता पार्टी जुटी हुयी है। कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रदेश भर से 10 लाख कार्यकर्ता शामिल होंगे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। राजधानी में होने वाले सबसे बडे एकत्रीकरण को लेकर पार्टी कार्यकर्ता शहर के प्रमुख चौराहो को सजा रहे है। जगह जगह पार्टी के ध्वज लगाकर प्रमुख मार्गो को सजाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता भी तैयारियों में जुटे हुए है। कार्यक्रम की तैयारियों के बीच आज भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जीपीएस राठौर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रोशनपुरा चौराहा पर पार्टी के झंडे लगाकर चौराहे की सजावट की।

### रीवा में रामानुजाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय स्थापित होगा : शिवराज सिंह

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रीवा में रामानुजाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। साथ ही संस्कृत विद्यालयों में कर्मकाण्ड की शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी की जायेगी। चौहान विंध्य क्षेत्र से आये आचार्यगणों को निवास कार्यालय में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जनसम्पर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल, जगदगुरू वैदेही वल्लभ देवाचार्य, मानस पीठाधीश्वर जगदगुरू रामललाचार्य जी तथा विनय शंकर ब्रह्मचारी जी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. देवेंद्र प्रसार मिश्र की पुस्तक 'यजुर्वेद में वैश्विक चिंतन तथा नंदकुमार चरितम्' महाकाव्य का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से ही संतों का साथ मिलता है। आज मुख्यमंत्री निवास पधारे आचार्यगण के सानिध्य से मन आनंद से भरा है। राज्य शासन विकास और जनकल्याण के कार्य तो करता ही है पर इसके साथ ही प्रदेशवासियों का जीवन सही दिशा में चले इसकी चिंता करना भी सरकार का दायित्व है। इस दायित्व निर्वहन में आचार्यगण महत्वपूर्ण सहयोगी हैं।

### विजय संकल्प के साथ होगा अब तक का सबसे बड़ा कार्यकर्ता महाकुंभ : शर्मा

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में दो दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होने वाले भारतीय जनता पार्टी महाकुंभ के संदर्भ में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज कहा कि प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व विजय के संकल्प के साथ होने वाला ये अब तक के राजनीतिक इतिहास का सबसे बड़ा कार्यकर्ता महाकुंभ होगा। शर्मा ने पार्टी की पांचों जन आशीर्वाद यात्राओं और इस कार्यकर्ता महाकुंभ के संदर्भ में यहां संवाददाताओं से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने यात्राओं से जुड़े अनुभव साझा करते हुए कई आंकड़े भी पेश किए। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जितना सोचा, उससे ज्यादा आशीर्वाद मिला। शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के इशारे पर हर गरीब का हक छीना। उन्होंने कहा कि 21 दिन से चल रही यात्राओं में कई वरिष्ठ नेता सम्मिलित हुए। उन्होंने यात्रा में शामिल हुए विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय नेतृत्व से जुड़े वरिष्ठ नेताओं का भी संदर्भ देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# कैसे बनना है एक जागरूक जनप्रतिनिधि, प्रधानमंत्री से मिलती है प्रेरणा : सीएम योगी

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी से किया उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन



वाराणसी। अभिनव योजनाएं कैसे बनाई जाती हैं और फिर उन्हें कैसे क्रियान्वित किया जाता है, ये हम सभी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीखना चाहिए। जागरूक जनप्रतिनिधि बनने के लिए मोदी हम सबके प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर हर भारतवासी गर्व की अनुभूति करता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 16 अटल आवासीय विद्यालयों के उद्घाटन एवं सांसद सांस्कृतिक सम्मेलन के समापन समारोह के दौरान कही। इससे पहले प्रधानमंत्री की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालय के बच्चों से संवाद कार्यक्रम में भी शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी काशी आते हैं तो देश और दुनिया को कुछ बड़ा देकर आते हैं। इस बार चंद्रयान की अभूतपूर्व सफलता, जी-20 सम्मेलन के जरिए वैश्विक मंच पर भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रदर्शन, आदित्य एल-वन का सफल प्रक्षेपण और संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना महत्वपूर्ण कदम हैं। समाज के हर तबके के विकास के लिए कार्य योजना बनाना और उसे प्रभावी ढंग से कैसे लागू करना है, यह आपके नेतृत्व क्षमता से हम सब सीखते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का आज ये चौथा कार्यक्रम है। सुबह दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद काशी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास, फिर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम, उसके बाद अटल आवासीय विद्यालयों के बच्चों से संवाद और अब 16 अटल आवासीय विद्यालयों के लोकार्पण के साथ ही सांस्कृतिक कर्मियों का सम्मान। यह दिखाता है कि एक जागरूक जनप्रतिनिधि को कैसे कार्य करना चाहिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के जरिए तो कभी सांसद सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री हमेशा रचनात्मक गतिविधियों के जरिए हम सभी का मार्गदर्शन करते हैं। वैसे तो काशी में संगीत की अलग अलग विधाओं ने जन्म लिया लेकिन कभी किसी सांसद और जनप्रतिनिधि ने किसी सांस्कृतिक कर्मियों के साथ संवाद नहीं बनाया, ना उन्हें इस प्रकार से मंच दिया। सांसद सांस्कृतिक कार्यक्रम में 40 हजार से अधिक कलाकारों ने न्याय पंचायत, ब्लॉक स्तर पर, विश्वविद्यालय और जनपद स्तर पर अलग अलग कार्यक्रमों के माध्यम से भाग लिया। इसमें गायन, वादन, नृत्य, नाट्य का मंचन किया गया। लोक कलाओं को संवर्धित करने का ये अभिनव प्रधानमंत्री द्वारा किया गया।

### सड़क हादसों और रोज़गार देने में अहम भूमिका निभा रहा मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर हाथ को रोज़गार सपने को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट बखूबी निभा रहा है। दरअसल, इन्स्टीट्यूट द्वारा परिवहन निगम के ड्राइवर को साप्ताहिक प्रशिक्षण तो दिया ही जा रहा है। साथ में निगम प्रदेश भर के संविदा चालकों की भर्ती आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (कम्प्यूटराइज्ड ट्रैक) के ज़रिये कर रहा है। वहीं महिलाओं को भी एलएमवी एवं एच.एम.वी वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें से 17 महिला चालक परिवहन निगम के विभिन्न डिपों में अन्तिम स्टेज का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। संस्थान में बाहरी चालकों को भी दो, तीन और पांच दिवसीय कोर्स में प्रशिक्षण देने के साथ एच0एम0वी0 एवं एल.एम.वी. वाहन सिखाने का कार्य किया जा रहा है।मालूम ही कि संस्थान की गिनती देश के सर्वोत्तम ड्राइविंग ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट में होती है। संस्थान द्वारा आज तक 128 लाख से अधिक विभिन्न संवर्ग के लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से भी सम्बद्ध है। ऐसे में सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत ओटोमेशन सेक्टर में फ़ोर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन में अभ्यर्थियों के आवासीय प्रशिक्षण के लिये परिवहन निगम के विभिन्न क्षेत्रों से सूची उपलब्ध करायी गयी थी। सूची के अनुसार 23 अभ्यर्थियों को 1सितम्बर से आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 23 में से 11 आगरा क्षेत्र, 3-3 बरेली व इटावा एवं 6 हरदोई क्षेत्र से हैं। सभी 23 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान के हास्टल में रहने व मेस में खाने की नि:शुल्क सुविधा दी जा रही है। अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण ASDC Dehli से प्रशिक्षित एवं TOT पास प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। वहीं सभी अभ्यर्थियों को नि:शुल्क दो सेट युनीफार्म, स्टडी मैटेरियल एवं आईकार्ड भी दिया गया। अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 4 दिसम्बर को समाप्त होगा। प्रशिक्षण के बाद कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित सेक्टर स्किल काउंसिल से एसेसमेन्ट कराया जायेगा। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परिवहन निगम के कार्यशालाओं में सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत पीस मिल वर्क पर रखा जायेगा।

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का घोरावल में हुआ स्वागत



**सोनभद्र।** भाजपा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष पहुँचे घोरावल। अध्यक्ष पद दायित्व संप्राप्ति के पश्चात प्रथम आगमन वेला में हुआ भव्य स्वागत समारोह। नंदलाल गुप्ता के घोरावल में पहला पदार्पण होने पर शिवद्वार रोड पर स्थित साहू क्लाथ हाउस प्रतिष्ठान के संचालक लाल बहादुर, संघ के पूर्व जिला प्रचारक नितिन, युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष कौशल साहू, बजरंगी प्रसून कुमार व सुनील कुमार ने शिष्टाचार भेंट किया गया। जनपद सोनभद्र से जब जिलाध्यक्ष घोरावल विधानसभा के शिवद्वार मंडल मे होने वाले बैठक के लिए निकले तो जगह जगह कार्यकर्ताओ ने माला, स्मृति चिन्ह, गदा इत्यादि भेंट कर उनका सम्मान व स्वागत किया।

विज्ञ हो कि इससे पहले नंदलाल गुप्ता भाजपा के अन्य आयामों में पदाधिकारी रह चुके है। बेहद सरल स्वभाव व कार्यकर्ताओ के लिए कर्तव्यनिष्ठा होने के कारण भाजपा ने इस बार नंदलाल को जिलाध्यक्ष बनाया है। इस दौरान घोरावल विधानसभा के वर्तमान विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य, भाजपा के मंडल महामंत्री बाबूलाल शर्मा, जिला मंत्री रहे अमरनाथ पटेल संग संग रहे तो गाड़ियों के काफिले संग अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।


## राजेंद्र त्रिपाठी की फ़िल्म 'पूर्वांचल फ़ाइल' सिनेमाघरों में मचा रही धूम

### बॉलीवुड में सफल स्टोरीराइटर एवं पटकथा निर्देशक है राजेंद्र त्रिपाठी

सोनभद्र। जिले के घोरावल के तेंदुहार ग्राम के राजेंद्र त्रिपाठी की बॉलीवुड फिल्म पूर्वांचल फ़ाइल इस समय सिनेमाघरों में धूम मचा रही है।

घोरावल निवासी छ: भाइयों में सबसे छोटे राजेंद्र त्रिपाठी जिस हौसले के साथ फ़िल्म नगरी मुम्बई में पहुँचे थे, तब से उन्होंने पीछे मुड़कर नही देखा। अपनी लगन व मेहनत के बलबूते वो इस समय किसी परिचय के मोहताज नही हैं, बल्कि बॉलीवुड में कहानी लेखन की दुनिया मे जाना नाम बन चुके हैं।

हाल ही में रिलीज हुई माफियाओं पर आधारित उनकी लिखी बॉलीवुड मूवी द पूर्वांचल फाइल्स इस समय सिनेमाघरों के हाउसफुल चल रही है। मूवी को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें तो स्टोरी राइटर व पटकथा निर्देशक राजेंद्र त्रिपाठी जानेमाने दिग्गज राजनेता स्व0 ठाकुरप्रसाद त्रिपाठी के पुत्र हैं। इनके बड़े भाई विनोद तिवारी सफल राजनीतिज्ञ हैं, तो दूसरे भाई सुरेंद्र तिवारी ग्राम प्रधान हैं। इनके एक भाई अशोक त्रिपाठी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष एवं एक भाई सन्तोष तिवारी जानेमाने वकील हैं। इनकी इण्टरमीडिएट तक कि शिक्षा मिर्ज़ापुर से हुई। उच्च शिक्षा इन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की। इन्होंने एकता कपूर के इंस्टीट्यूट ICE मुंबई से फिल्म निर्देशन






का कोर्स किया। जिसके बाद एकता कपूर के ही सीरियल कसम मे बतौर अस्सिस्टेंट डायरेक्टर का कार्य किया। फिर SAGE फिल्म्स प्रोडक्शन मे बतौर सहायक निर्देशक का कार्य किया एवं Classic films मे प्रोडक्शन असिस्टेंट के रूप मे कार्य करते हुए कहानी लेखन का कार्य प्रारंभ किया। कई ऐड व शार्ट फिल्मों की कहानी लिखने के बाद इन्होंने द पुर्वांचल फाईल्स की कहानी लिखी। कहानी चयनित होने पर उसकी पटकथा तैयार की।

फ़िल्म के डायरेक्टर स्वरूप घोष को इनकी कहानी पहली झलक में ही भा गई और उसपे फ़िल्म का निर्माण शुरू हो गया। फिल्म के निर्देशक श्री स्वरूप घोष है। प्रमुख पात्रों मे सिद्धार्थ, शिवानी ठाकुर, गोविंद नामदेव, मुकेश तिवारी, हेमंत पाण्डे, अभिजीत सिन्हा, जरीना वहाब, अमित जायसवाल, आलोक वर्मा है। फ़िल्म की अधिकतर शूटिंग मिर्ज़ापुर, सोनभद्र, जौनपुर समेत पूर्वांचल के इलाकों में हुई है।

सभी राज्यों के 200 सिनेमाघरों व मल्टीप्लेक्स मे 22 सितंबर 2023 को एकसाथ रिलीज हुई जहाँ फ़िल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। राजेन्द्र त्रिपाठी की सफलता पर परिजन समेत क्षेत्रवासी गदगद हैं। उन्होंने इन्हें फ़िल्म की सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## अधिकारी-कर्मचारी करें नवाचार समायोजन समन्वय व्यवहार परिवर्तन संग : विधायक भूपेश चौबे




सोनभद्र। नीतिआयोग द्वारा आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अंर्तगत विकास खण्ड चतरा के चैमुखी विकास हेतु विकास खण्ड चतरा के परिसर में चिन्तन शिविर का आयोजित हुआ। जिला परियोजना निदेशक राम शिरोमणि मौर्य, प्रभारी खण्डविकास अधिकारी-चतरा की अध्यक्षता में आहूत चिंतन शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे की गरीमामयी उपस्थिति बनी रही। विधायक ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ के बारे में चिन्तन शिविर के प्रतिभागियों को आद्योपान्त अवगत कराया तथा चतरा ब्लाक को प्रेरक ब्लाक बनाने के क्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों, विभागीय अधिकारीयों एवं कर्मचारियो को व्यवहार परिवर्तन, नवाचार, समायोजन एवं समन्वय के परिपेक्ष में अपने शब्दो से प्रोत्साहित किया। राम शिरोमणि मौर्य, जिला परियोजना निदेशक, प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी-चतरा ने सभा को आकांक्षी ब्लाक चतरा के विभिन्न विकासीय आयामों के बारे में जानकारी देते हुऐ कहा कि हमें ब्लाक चतरा को प्रेरक ब्लाक बनाने के लिऐ एक दूसरे के साथ समायोजन की भावना से विकास के उद्देश एवं नियोजन का निर्धारित करना पड़ेगा ताकि प्रदेश एवं राष्ट्र स्तर पर हम चतरा को सबसे पहले प्रेरक ब्लाक के पायदान पर ला सकें।

इसके उपरान्त ब्लाक स्तरीय चिन्तन शिविर में उपस्थित सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभाग से सम्बन्धित नीतिआयोग के सूचकांकों पर पंचायत एवं ब्लाक स्तरीय कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियो के साथ विस्तार से चर्चा की तत्पश्चात् सूचकांको से जुड़े सभी विभागीय कर्मचारियो ने स्वॉट एनालिसीस एवं कार्ययोजना पर गहन चिन्तन मंथंन किया एवं अपने कार्य योजना की प्रस्तुति कार्यक्रम में उपस्थित विभागो के समक्ष की।कार्यक्रम के समापन सत्र मे संयुक्त विकास खण्ड अधिकारी गुरू शरण श्रीवास्तव ने चिन्तन शिविर में उपस्थित सभी प्रतिभागियों, ब्लाक स्तरीय अधिकारियो का धन्यवाद ज्ञापन किया।

चिन्तन शिविर में डी0सी0 आजिविका अरूण कुमार जौहरी, खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द पटेल, बाल विकास परियोजना अधिकारी हृदय नारायण आजाद, स्वास्थ विभाग से उपस्थित डा0 कीर्ति आजाद विन्द, कृशि विभाग से उपस्थित सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह यादव, प्रधान सघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा, प्रधान संघ के खण्ड अध्यक्ष नीरज सिंह, नीति नोडल सूर्यप्रकाश, नीति पार्टनर एवं सहयोगी संस्था पिरामल फाण्डेशन की समस्त टीम उपस्थित रही।

### अंशुमन सिंह राजपूत के पास फिल्मों की लाइन लगी

भोजपुरी फ़िल्म इंडस्ट्री में काफी अलग अलग लुक के अभिनेता अभिनेत्रियां आपको मिल जाएँगे, लेकिन परफैक्ट फिगर और चॉकलेटी फेस वाले अभिनेताओं का समावेश भोजपुरी फिल्मों में बहुत कम ही देखने को मिलता है । और अंशुमन सिंह राजपूत इन्हीं सभी खूबियों को सँजोये हुए आजकल इंडस्ट्री में हॉट डिमांडिंग अभिनेता बने हुए हैं । आजकल अंशुमन सिंह राजपूत उत्तरप्रदेश के बस्ती में अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं । इस फ़िल्म में उनके साथ भोजपुरी फ़िल्म इंडस्ट्री की दो बड़ी अभिनेत्रियां रानी चटर्जी और काजल राघवानी भी शूटिंग कर रही हैं । फ़िल्म का टाइटल तो अभी फाइनल नहीं हुआ है , लेकिन सूत्रों के हवाले से यही पता चला है कि फ़िल्म बड़े स्तर की लव ट्राएंगल पर आधारित है जिसमें प्यार मोहब्बत के लिए अभिनेता का संघर्ष दिखाई पड़ सकता है । या फिर यह भी सम्भव है कि एक अभिनेता के पीछे दो अभिनेत्रियाँ भी पड़ी हुई लग सकती हैं । यानी किसी भी सूरत में यह फ़िल्म लव और रोमांस का तड़का लेकर ही हाजिर होगी । विगत दो सालों में अभिनेता अंशुमन सिंह राजपूत की फिल्मों का रिस्पॉन्स बेहद बढ़ियां और उत्साहजनक रहने के कारण ही आज उनके पास फिल्मों की इस कदर लाइन लगी हुई हैं । पिछले साल उनकी रिलीज़ हुई फिल्मों ने डिजिटल और सेटेलाइट में भी अच्छा खासा व्यवसाय करके निर्माताओं को दिया है , यही कारण है कि आज अंशुमन सिंह राजपूत को निर्माता/निर्देशक हांथो हाथ ले रहे हैं । भोजपुरी फ़िल्मों में आजकल फैमिली और लव रोमांस का ही दौर चल रहा है और आजकल ऐसी ही फिल्में टीवी चैनलों पर नित प्रतिदिन दिखाई भी जा रही हैं , ऐसे में अंशुमन सिंह राजपूत का व्यस्त होना भी इंडस्ट्री के लिये एक सकारात्मक संदेश ही दे रहा है ।




# जनपद के विकास कार्यों में कोई कमी न रहे : केशव प्रसाद मौर्य



शामली। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कहा कि जनपद शामली ने कई क्षेत्रों में ग्रोथ की है। जनपद के विकास कार्यों में कोई कमी ना रहे उसके लिए और अच्छे प्रयास किया जाये ताकि तीन विधानसभा वाले जनपद में रिकॉर्ड कायम हो सकें।

जनपद में अपने एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कलेक्ट्रेट के सभागार में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशासनिक बैठक करते हुए आयोजित बैठक में समीक्षा करते हुए कहा कि जो विभाग पीछे है उनको लक्ष्य बनाकर गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा करते हुए तहसील ब्लॉक थाने पर जो भी विभागीय अधिकारी के रूप में कार्य देखते हैं उनको संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों में जो भी आउटसोर्सिंग पर कर्मचारी लगे हैं, यदि उनकी गतिविधियां राजनीतिक है तो ऐसे संविदा कर्मियों को वार्निंग देते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित किया। बैठक में समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री जी ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जहां पर लिकेज वाले फीडर है वहां पर टीम बनाकर विद्युत चोरी को रोकने के निर्देश दिए। बैठक समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जो किसानों के नलकूप लगे हैं उनका बिल सरकार स्वयं अदा करेगी इसकी स्पष्टता करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने विद्युत विभाग को यह भी निर्देश दिए कि यदि कहीं पर किसान का ट्रांसफार्मर फूका है तो उसे तत्काल बदल जाये इस कार्य में कोताही ना हो और नलकूप के मीटर को लेकर प्रचार-प्रसार के लिए निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री जी ने बिजनेस प्लान के अंतर्गत विद्युत विभाग को आगामी त्यौहारों को लेकर व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

### जनता कांग्रेस को नहीं सौपेंगी मध्यप्रदेश की सत्ता : आर्य

मुरैना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने आज कहा कि सत्ता हथियाने के लिए कांग्रेस झूठे वादे कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है, कांग्रेस चाहे जितने भी झूठे वादे करले मध्यप्रदेश की जनता कांग्रेस को सत्ता नहीं सौंपेगी। आर्य यहां मीडिया से चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बीते 27 साल से अटके हुए महिला आरक्षण बिल को केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने नारी वंदन बिल के रूप में पास कराया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। श्री आर्य ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने का भाजपा का संकल्प इस बिल के पारित होने से पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि जन आशीर्वाद यात्राओं ने प्रदेश के 51 जिलों की 210 विधानसभाओं को कवर किया।

# अटल आवासीय विद्यालय, कोन्दू सिकन्दराबाद के लोकार्पण समारोह में पहुंचे सांसद डा. महेश शर्मा



गौतमबुद्ध नगर। संसदीय क्षेत्र गौतमबुद्ध नगर के सिकंदराबाद विधानसभा में स्थित अटल आवासीय विद्यालय, कोन्दू सिकन्दराबाद, बुलन्दशहर के लोकार्पण समारोह में सांसद डा. महेश शर्मा उपस्थित रहें। इस मौके पर छात्र- छात्रायें व शिक्षकों तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों द्वारा 1,115 करोड़ की लागत से देश में नवनिर्मित 16 अटल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन किया गया।

इसके उपरांत सांसद डा. महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्धनगर ने बुलंदशहर के गांव झांझर में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया तथा दवाओं की उपलब्धता के बारें में भी जानकारी ली। ग्रामवासियों ने इस बात की खुशी जाहिर की इस स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना होने से ग्रामवासियों को इलाज के लिए दूर नही जाना पड़ेगा।

उपरोक्त कार्यक्रम के बाद ग्रेटर नोएडा एवं नोएडा क्षेत्र के ओमिक्रॉन -3, अम्बे भारती, महागुन मिडोज, सेक्टर 150, एटीएस प्रिसटीन फेस-2, एसीई गोल्फशायर, सैक्टर 150 एवं क्लब - 3 जे.पी. विसटाउन सैक्टर -128, नोएडा में जनसंपर्क अभियान के तहत स्थानीय लोगो से संवाद किया और वहां के निवासियों ने माननीय सांसद जी का भव्य स्वागत किया तथा अपनी सोसायटी की (फ्लैट, बिल्डर्स, सड़क, स्कूल, पार्क, सीवर, बिजली, पानी, आदि) संबंधित समस्याओं के बारे में सांसद जी को अवगत कराया। माननीय सांसद जी ने कहा कि हम हमेशा आपके साथ है, और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सारी समस्याओं का समाधान कराने की कोशिश करूंगा।

इस कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक सिकन्दराबाद श्री लक्ष्मीराज सिंह, बुलन्दशहर सांसद श्री भोला सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रदीप चौधरी, विधायक अनिल शर्मा, सुरेश चन्द शर्मा, दीपक शर्मा, नरेश पंडित, विकास चौहान जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर, सुभाष भाटी, पिताम्बर सिंह, बी. एन. सोलंकी, सुग्रीव सोलंकी, सुभाष सिंघल, रोहित टंडन, शरद त्रिवेदी, रोहित कुमार सांसद प्रतिनिधि, महेष शर्मा, वेदपाल सिंह, कुषल कुमार वार्ष्णेय, कमल डोडेजा, शैलेन्द्र नाथ समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।